दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी




हर किरदार को देनी चाहिए अहमियत....

वेनिस रेड कार्पेट पर बिखेरा जलवा....

वर्ष : 12 | अंक : 260 | लखनऊ, 15 सितम्बर, मंगलवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### कुएं में गिरा नन्हा हाथी रेस्क्यू के बाद निकाला



रांची। झारखंड के तोरपा थाना क्षेत्र के गिडुंग गांव में देर रात खेत के एक कुएं में गिरे हाथी के बच्चे को वन विभाग की टीम ने करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकाल लिया। बच्चे के कुएं में गिरने के बाद उसकी सुरक्षा में दो आक्रामक मादा हाथी मौके पर पहुंच गईं और लगातार कुएं के आसपास घूमती रहीं। इससे बचाव अभियान में काफी परेशानी हुई। इसके बावजूद वन विभाग की टीम

### मुजफ्फरपुर: हरितालिका तीज की धूम



मुजफ्फरपुर । हरितालिका तीज व्रत को लेकर सोमवार को मुजफ्फरपुर के बाबा गरीबनाथ धाम समेत शहर के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पति की लंबी आयु और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना के लिए महिलाओं ने विधि-विधान से भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना की। शहर भर में बड़ी धूमधाम से हरितालिका तीज व्रत मनाया जा रहा है।

### कोडरमा घाटी में दर्दनाक हादसा



रांची। झारखंड में कोडरमा घाटी स्थित मेघातरी काली मंडा के पास रविवार देर रात दो ट्रेलरों के बीच हुई भीषण टक्कर में एक चालक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। ढलान पर पीछे चल रहे एक ट्रेलर का ब्रेक अचानक फेल होने के कारण यह हादसा हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चालक का शरीर दो हिस्सों में कट गया। दुर्घटना के बाद घाटी में अफरा-तफरी मच गई और चीख-पुकार सुनकर पहुंचे लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी।

# अयोध्या में सवा करोड़ के सिंहासन पर विराजे विघ्नहर्ता

### आकर्षक सिंहासन को देखने के लिए श्रद्धालुओं में उत्सुकता

अमन लेखनी समाचार/ अयोध्या



रामनगरी में 10 दिवसीय गणेशोत्सव का शुभारंभ सोमवार से हुआ। राम मंदिर समेत पूरे शहर में भव्य आयोजन होंगे। गणेश चतुर्थी पर रामनगरी में विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश का दिव्य दरबार सजेगा। दुल्हा सरकार के महल श्री जानकी महल ट्रस्ट में भगवान के लिए करीब 70 किलो चांदी से भव्य सिंहासन तैयार कराया गया है। करीब सवा करोड़ रुपए की लागत से निर्मित इस सिंहासन पर श्री गणेश विराजमान हो चुके हैं। चांदी के इस आकर्षक सिंहासन को देखने के लिए श्रद्धालुओं में उत्सुकता है।

### बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना

ट्रस्टी समाजसेवी आदित्य सुल्तानिया ने मीडिया को बताया कि सोमवार को गणेश चतुर्थी का आयोजन धार्मिक उल्लास के साथ किया जाएगा। सुबह भगवान का अभिषेक, पूजन और विशेष श्रृंगार किया गया, इसके बाद दोपहर 12 बजे श्री गणेश का प्राकट्य उत्सव मनाया गया। उत्सव को लेकर मंदिर में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। भगवान के पूजन-दर्शन के साथ चांदी का सिंहासन विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। ट्रस्ट की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं भी की जा रही हैं।

## हरतालिका तीज का पर्व पर, बाजारों में उमड़ी भीड़



अयोध्या। हरतालिका तीज का पर्व सोमवार को मनाया गया। महिलाओं ने व्रत रखकर। पर्व से एक दिन पहले रविवार को बाजारों में खरीदारी के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। नाका, चौक, रिकाबगंज समेत प्रमुख बाजारों में जगह-जगह तीज पर्व पर लगने वाली सामग्री की दुकानें सजी रहीं। महिलाओं ने पूजा और दान के लिए जरूरी सामान की खरीदारी की। इनमें मिट्टी से बनी शिव-पार्वती की मूर्ति सबसे प्रमुख रही। बाजार में इसकी कीमत 30 से 100 रुपए तक रही। हरतालिका तीज पर मिट्टी से शिव-पार्वती की मूर्ति की पूजा करने की परंपरा है। महिलाओं ने पूजा के लिए फूल, बेलपत्र, रोली, कुमकुम, अक्षत, कलावा, धूप-बत्ती, कपूर, फल, नारियल और मिठाई आदि की भी खरीदारी की। तीज के लिए साड़ी, चूड़ी, बिंदी, मेहंदी और सिंदूर लेने वाली महिलाओं की भी बाजार में भीड़ रही। हालांकि इन सामान की खरीदारी पहले से चल रही थी। रविवार को आखिरी दिन होने के कारण अधूरी तैयारियां पूरी करने के लिए बड़ी संख्या में लोग बाजार पहुंचे।

### निर्जला व्रत रखकर की शिव-पार्वती की पूजा-अर्चना

सोमवार को महिलाओं ने हरतालिका तीज का निर्जला व्रत रखा। सोलह श्रृंगार कर शिव-पार्वती की पूजा की। मान्यता के अनुसार व्रत के दौरान दिन-रात जागरण कर भजन-कीर्तन और आराधना की गई। अगले दिन सूर्योदय होने पर पारण के बाद व्रत पूरा होता है।

### लोकायुक्त संगठन के स्वर्ण जयंती समारोह में बोले मुख्यमंत्री, 50 वर्ष की शानदार यात्रा के लिए दी बधाई

# प्रभुता पाई काहि मद नाहीं', उद्दंड व्यवहार पर अंकुश लगाना जरूरी: मुख्यमंत्री योगी

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / लखनऊ

मुख्यमंत्री ने कहा- जनता का विश्वास ही सुशासन की कसौटी, इसके बिना लक्ष्य हासिल करना संभव नहीं, झूठी और बेवजह शिकायत कर सिस्टम का समय खराब करने वालों पर भी शिकंजा जरूरी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोई भी लोक सेवक गलत करता है तो उसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। कई बार व्यक्ति को ताकत मिलने पर वह उच्छृंखल और उद्दंड व्यवहार करने लगता है। उन्होंने रामचरितमानस की पंक्ति 'प्रभुता पाई काहि मद नाहीं' का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसे में कहीं न कहीं अंकुश होना आवश्यक है, जो मर्यादाओं का पालन करा सके। लोकायुक्त जैसी संस्था मेरिट के आधार पर शिकायतों का समाधान निकालकर लोक सेवकों को जनता के प्रति जवाबदेही का अहसास कराती है। मुख्यमंत्री योगी सोमवार को उत्तर प्रदेश लोकायुक्त संगठन के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने संगठन की 50 वर्ष की यात्रा के लिए बधाई देते हुए कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत संवैधानिक संस्थाओं में सामान्य नागरिक का विश्वास है। गुड गवर्नेंस पब्लिक ट्रस्ट पर निर्भर करता है। जनता का विश्वास नहीं है तो सुशासन के लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता। अंतिम पायदान पर बैठा व्यक्ति भी संवैधानिक संस्थाओं के प्रति विश्वास और गौरव की अनुभूति करे, यही लोकतंत्र की कसौटी है।



सीएम योगी ने कहा-आज 16 करोड़ लोगों को राशन मिल रहा है

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि केवल संस्था का गठन करने से समस्या का समाधान नहीं होता। सामान्य व्यक्ति बेझिझक अपनी समस्या लेकर आए और नियमानुसार उसका समयबद्ध समाधान अपनी आंखों के सामने देख सके। शिकायतकर्ता की जाति, मत या संप्रदाय देखे बिना मेरिट के आधर पर समाधन होना चाहिए। साथ ही शिकायत की व्यवस्था का दुरुपयोग करने वालों पर भी शिकंजा कसना होगा। झूठी और बेवजह शिकायतें सिस्टम का समय खराब करने के साथ वास्तविक पीड़ित के न्याय का समय भी नष्ट करती हैं। मुख्यमंत्री योगी ने तकनीक से आए बदलाव का उदाहरण देते हुए कहा कि 2017 में मुख्यमंत्री बनने के बाद जनता दर्शन में आने वाली शिकायतों में करीब 60 फीसदी सार्वजनिक वितरण प्रणाली से जुड़ी होती थीं। ई-पॉस मशीनें लगाने और प्रदेश की करीब 80 हजार उचित दर की दुकानों को तकनीक से जोड़ने के बाद हेराफेरी की गुंजाइश समाप्त हुई है। आज 16 करोड़ लोगों को राशन मिल रहा है और पीडीएस से जुड़ी शिकायतें लगभग शून्य हो गई हैं।

### हर पीड़ित की समस्या का समाधान करा रही सरकार: मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए पीड़ितों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि सरकार हर पीड़ित की उचित समस्या का समाधान कराने के लिए प्रतिबद्ध है। सीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की शिकायतों का निस्तारण संवेदनशीलता और शीघ्रता से किया जाए। उन्होंने हर पात्र व्यक्ति को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने, जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था करने और जमीन कब्जाने वाले भू माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री 'जनता दर्शन' में कुर्सियों पर बैठे हर पीड़ित के पास खुद चलकर गए। उनकी समस्याओं व शिकायतों को ध्यान से सुना। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि हर पीड़ति की उचित समस्या का समाधान सुनिश्चित कराया जाएगा। पुलिस से जुड़ीं शिकायतों पर सख्त हुए सीएम सीएम योगी आदित्यनाथ के समक्ष कुछ पीड़ितों ने पुलिस से जुड़ी अलग-अलग शिकायतें बताईं।

### राजनीतिक दलों की सहभागिता से होगी फर्स्ट लेवल चेकिंग, अधिकारियों को दिया जा रहा विशेष प्रशिक्षण

## आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर ईवीएम-वीवीपैट की एफएलसी तैयारी तेज



अमन लेखनी समाचार/ लखनऊ

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर उत्तर प्रदेश में निर्वाचन तैयारियां तेज हो गई हैं। निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव के लिए ईवीएम-वीवीपैट की फर्स्ट लेवल चेकिंग को लेकर निर्वाचन अधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एफएलसी निर्धारित मानकों और भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार पूरी पारदर्शिता के साथ कराई जाएगी। सुल्तानपुर रोड स्थित रूपाम डॉ. राम मनोहर लोहिया उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी में सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारियों, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों और एफएलसी सुपरवाइजरों की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक चल रही कार्यशाला में सात मंडलों—लखनऊ, कानपुर, मुरादाबाद, झांसी, चित्रकूट, देवीपाटन—के 33 जनपदों के अधिकारी शामिल हुए।

### प्रशिक्षण का उद्देश्य जांच प्रक्रिया में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करना

भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त मनीष गर्ग और मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा की मौजूदगी में अधिकारियों को एफएलसी की तकनीकी और प्रशासनिक प्रक्रियाओं की जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण का उद्देश्य जांच प्रक्रिया में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। निर्वाचन विभाग के अनुसार एफएलसी के प्रत्येक चरण की जानकारी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दी जाएगी। राजनीतिक दलों की जानकारी और सहभागिता के साथ पूरी प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी, जिससे ईवीएम-वीवीपैट की जांच को लेकर पारदर्शिता बनी रहे। अधिकारियों को एफएलसी के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के सभी दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# प्रयागराज ने देश को दिए अनेक न्यायविद और जननेता: योगी

अमन लेखनी समाचार/ प्रयागराज

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिवक्ताओं और न्यायपालिका की भूमिका को रेखांकित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के चेंबर ऑफिस और अधिवक्ता भवन की चाबी भी प्रदान की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज की धरती ने भारत की संवैधानिक चेतना और विधिक विमर्श को हमेशा महत्वपूर्ण दिशा दी है। यहां से अनेक न्यायविद और जननेता निकले, जिन्होंने देश के लोकतांत्रिक और संवैधानिक विकास में अहम योगदान दिया।स्वतंत्रता आंदोलन का उल्लेख करते हुए योगी ने कहा कि पंडित मोतीलाल नेहरू और महामना मदन मोहन मालवीय जैसे अधिवक्ताओं ने अपनी प्रैक्टिस के साथ स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई। महात्मा गांधी ने दक्षिण अफ्रीका से लौटकर आंदोलन की कमान संभाली और इसे व्यापक जनआंदोलन का स्वरूप दिया। सरदार पटेल और डॉ. भीमराव आंबेडकर जैसे महापुरुषों ने भी देश के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र के तीनों प्रमुख स्तंभों के बीच बेहतर समन्वय से लोकतंत्र मजबूत होता है। न्यायपालिका सविधि के शासन को स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जबकि बार और बेंच न्याय रूपी रथ के मजबूत स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में कानून-व्यवस्था, पारदर्शिता, जवाबदेही और न्यायिक इंफ्रास्ट्रक्चर बड़ी चुनौतियां थीं। पुलिस बल में 45 से 50 प्रतिशत पद खाली थे। सरकार ने भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ाया और पुलिस प्रशिक्षण क्षमता को 3 हजार से बढ़ाकर 60 हजार कार्मिकों तक कर दिया है।

सीएम योगी ने किया प्रयागराज में वकीलों के लिए 3 बड़े फैसलों का ऐलान



- हाईकोर्ट में 10 हजार वकीलों के लिए मल्टी लेवल पार्किंग की व्यवस्था करवाई जाएगी।
- 400 राज्य विधि अधिकारियों टेक्नोलॉजी से जोड़ने के लिए टेबलेट की व्यवस्था होगी
- राज्य के सभी वकीलों को 5 लाख का कैशलेस मेडिकल इंसोरेंस की सुविधा दी जाएगी।

### हिंदी दिवस पर सीएम सम्राट चौधरी का बड़ा एलान

## बिहार में होगा दो दिवसीय हिंदी साहित्य समागम, जुटेंगे साहित्यकार

अमन लेखनी समाचार/ पटना



पटना स्थित बिहार राज्य अभिलेख भवन, सभागार में हिंदी दिवस के मौके पर सह-कवि सम्मेलन समारोह का आयोजन किया गया। इस बीच मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि हिंदी केवल संवाद की भाषा नहीं, बल्कि हमारी पहचान, संस्कृति, सभ्यता और हमारी समृद्ध साहित्यिक परंपरा की अभिव्यक्ति है। हमें हिंदी के गौरव को समझते हुए इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए 'हिंदी सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंदी दुनिया में सर्वाधिक प्रयोग की जाने वाली भाषाओं में से एक है। यह दुनिया में तीसरी प्रयोग की जाने वाली भाषा है।

### दो दिवसीय हिंदी साहित्य समागम होगा आयोजित

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंदी के साहित्यिक और सांस्कृतिक विस्तार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बिहार में दो दिवसीय हिंदी साहित्य समागम का आयोजन किया जाएगा। इसमें देशभर के प्रमुख हिंदी साहित्यकारों, रचनाकारों, कवियों और विद्वानों को आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस आयोजन की तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूरी करने का निर्देश दिया।

### 26-27 सितंबर को होगी महिला रोड साइक्लिंग स्टेट ली

## अब नालंदा की 40 बेटियां दिखाएंगी साइक्लिंग का दम

अमन लेखनी समाचार/ पटना



मुंगेर में 26 और 27 सितंबर को आयोजित होने वाली अस्मिता खेलो इंडिया महिला रोड साइक्लिंग स्टेट लीग में नालंदा की बेटियां अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए तैयार हैं। राज्यस्तरीय इस प्रतियोगिता में नालंदा जिले से करीब 40 बालिका खिलाड़ी हिस्सा लेंगी। एसोसिएशन के तत्वावधान में होने वाली इस प्रतियोगिता में बिहार के अलग-अलग जिलों से 500 से अधिक महिला साइक्लिस्ट के शामिल होने की उम्मीद है। 25 सितंबर को मुंगेर रवाना होगी नालंदा की टीम प्रतियोगिता में भाग लेने वाली नालंदा जिला साइक्लिंग एसोसिएशन के नेतृत्व में मुंगेर के लिए रवाना होगी।

### राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहीं नालंदा की बेटियां

नालंदा जिला साइक्लिंग एसोसिएशन के सचिव प्रमोद कुमार और संयुक्त सचिव रिंकू कुमारी ने रविवार को प्रतियोगिता को लेकर जानकारी दी। नालंदा की बेटियां लगातार मेहनत कर राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन कर रही हैं। एसोसिएशन के मार्गदर्शन और सहयोग से बालिकाओं को योजना के तहत तीन लाख रुपए तक की प्रोत्साहन राशि भी मिल चुकी है।

## ट्रैक्टर से नीचे गिरने से मजदूर की मौत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद क्षेत्र के फरीदीपुर गांव निवासी 37 वर्षीय ज्ञान सिंह की सोमवार शाम ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गई। वह शनिवार को ट्रैक्टर-ट्रॉली से सीमेंट की बोरियां उतारने के बाद वापस हरदोई की ओर घर लौट रहा था। सरावां और फरीदीपुर के बीच बाबा मैरिज लॉन के पास अचानक ट्रैक्टर के सामने वैन आ गई। उसे बचाने के प्रयास में चालक ने ट्रैक्टर को तेजी से मोड़ दिया। तेज झटके के कारण ट्रैक्टर पर बैठा ज्ञान सिंह अनियंत्रित होकर सड़क पर मुंह के बल गिर गया। हादसे में ज्ञान सिंह के सिर समेत शरीर में गंभीर चोटें आईं। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसे इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। यहां डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज चल रहा था। सोमवार शाम उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक हादसे की सूचना के बाद आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ज्ञान सिंह की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

## दो पक्षों में मारपीट, दोनों ओर से मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। नगराम थाना क्षेत्र के अहिरनखेड़ा मजरा कमालपुर बिचलिका गांव में रविवार रात दो पक्षों के बीच हुए विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाते हुए तहरीर दी पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। वही पुलिस के अनुसार एक पक्ष के मुकेश कुमार की तहरीर पर बाबूलाल, संजय, मंजीत धर्मपाल और विमल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया आरोप है कि आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी वहीं दूसरे पक्ष की अंजू की तहरीर पर बेबी मुकेश दुर्गेश, सुनील और अभिषेक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया आरोप है कि विपक्षियों ने मारपीट व गाली-गलौज की, जान से मारने की धमकी दी और मोबाइल फोन भी क्षतिग्रस्त कर दिया। नगराम थानाध्यक्ष अंजनी सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों से दो-दो लोगों को हिरासत में लेकर संबंधित धाराओं में चालान किया गया मामले की जांच की जा रही।

# रिश्तों पर वार, दामाद चढ़ा पुलिस के हत्थे



अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। पारिवारिक विवाद में सास और चाची पर चाकू से जानलेवा हमला करने के आरोपी दामाद को नगराम पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने उसके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त धारदार चाकू भी बरामद किया। वही पुलिस के अनुसार बलसिंहखेड़ा गांव निवासी लल्ला प्रसाद की तहरीर पर रामतीर्थ पुत्र राम मिलन के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था विवेचना के दौरान मामले में आर्म्स एक्ट की धारा भी जोड़ी गई जांच में सामने आया कि आरोपी की पत्नी करीब एक वर्ष से मायके में रह रही थी जिससे दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से पारिवारिक विवाद चल रहा था इसी रंजिश में आरोपी ने अपनी सास और चाची पर चाकू से हमला कर उन्हें घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया। थाना प्रभारी अंजनी सिंह के निर्देशन में गठित पुलिस टीम ने सोमवार सुबह मुखबिर की सूचना पर हसवा पुल के पास नहर किनारे से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया तलाशी के दौरान उसके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त धारदार चाकू बरामद हुआ पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## चरक अस्पताल के पास वाहन की टक्कर से महिला की मौत

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। कनकहा स्थित चरक अस्पताल के पास अज्ञात चार पहिया वाहन की टक्कर से एक महिला की मौत हो गई हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया मृतका के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक सीतापुर जनपद के तालगांव थाना क्षेत्र के जीतामऊ गांव निवासी नफीस पुत्र मुन्ना ने बताया कि सात सितंबर को उसकी मां रजिया बेगम (पत्नी मुन्ना) कनकहा स्थित चरक अस्पताल के पास मौजूद थीं इसी दौरान तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चला रहे अज्ञात चालक ने उन्हें टक्कर मार दी हादसे में रजिया बेगम गंभीर रूप से घायल हो गईं परिजन उन्हें तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मोहनलालगंज लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया

# कमरे में बंद कर लाठी-डंडों व लोहे की रॉड से पीटने का आरोप, छह नामजद समेत अन्य पर मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। थाना क्षेत्र के उदवतखेड़ा गांव में एक व्यक्ति को कमरे में बंद कर लाठी-डंडों हॉकी और लोहे की रॉड से पीटकर बेहोश करने का मामला सामने आया पीड़ित की तहरीर पर मोहनलालगंज पुलिस ने छह नामजद समेत चार-पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी पुलिस के अनुसार रायबरेली के लालगंज थाना क्षेत्र के बेहटा कला निवासी अजय चौरसिया, हाल पता सेक्टर-10 वृंदावन कॉलोनी, लखनऊ ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि सात सितंबर की शाम करीब सात बजे वह उदवतखेड़ा स्थित हितेंद्र मिश्रा के कार्यालय में मौजूद था इसी दौरान वहां मौजूद लोगों ने एक राय होकर उसे कमरे में बंद कर दिया और गाली-गलौज करने लगे। अजय का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपितों ने लाठी-डंडों, हॉकी और लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस को सूचना देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया मामले में हितेंद्र मिश्रा, उनके बड़े भाई, आदर्श, विशाल सिंह, प्रेम किशोर साहू उर्फ प्रदीप समेत चार-पांच अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# रेलवे लाइन किनारे मिला सप्ताहभर पुराना शव, नहीं हो सकी शिनाख्त

### जालामऊ में घास-फूस के बीच पड़ा था शव, केजीएमयू मर्चरी में रखवाया गया

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद क्षेत्र के जालामऊ गांव में रविवार रात रेलवे लाइन किनारे घास-फूस के बीच करीब एक सप्ताह पुराना शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव की हालत बेहद खराब थी। शरीर में कीड़े पड़ चुके थे और गर्दन का ऊपरी हिस्सा सड़-गल जाने के कारण आसपास दुर्गंध फैल रही थी। काफी प्रयास के बावजूद मृतक की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही शिनाख्त के लिए केजीएमयू की मर्चरी में सुरक्षित रखवाया है। रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि रविवार रात करीब नौ बजे सूचना मिली कि जालामऊ रेलवे फाटक से करीब 200 मीटर संडीला की ओर अपलाइन के किनारे पोल संख्या 1112/28-30 के पास घास-फूस में एक शव पड़ा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र करीब 45 वर्ष है और रंग सांवला है। उसने काले रंग की शर्ट, नीले रंग की जींस पैंट और चमड़े का बेल्ट पहन रखा था। शव पुराना होने के कारण उसकी पहचान करना मुश्किल हो रहा था। पुलिस ने आसपास के लोगों को बुलाकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस ने शव और उसके कपड़ों की जेबों की भी तलाशी ली, लेकिन ऐसा कोई दस्तावेज या सामान नहीं मिला, जिससे मृतक की पहचान हो सके। इसके बाद पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस आसपास के थानों से भी गुमशुदगी की जानकारी जुटाकर मृतक की पहचान कराने का प्रयास कर रही है।

# बहन की मौत का बदला लेने को बीमा कर्मी पर चलवाई गोली

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। मलिहाबाद में बीमा कर्मी समेंद्र यादव पर हुए जानलेवा हमले के मामले में सोमवार को एक नाबालिग आरोपी ने थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। वह अपने साथ 315 बोर का तमंचा और कारतूस लेकर पहुंचा था। पुलिस के मुताबिक, नाबालिग ने अपनी सगी बहन की मौत का बदला लेने के लिए साथी से समेंद्र पर गोली चलवाई थी। गोली चलाने वाला आरोपी अभय और घटना की साजिश में शामिल अन्य आरोपी अभी फरार हैं। आत्मसमर्पण करने वाले बाल अपचारी को बाल संरक्षण गृह भेज दिया गया है। शुक्रवार शाम ढेढेमऊ गांव स्थित जनसेवा केंद्र पर फोटो कॉपी कराने आए सैफलपुर निवासी बीमा कर्मी समेंद्र यादव को गोली मार दी गई थी। गंभीर हालत में उन्हें केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना के बाद समेंद्र के भाई ने जोगेंद्र यादव समेत अन्य लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। मलिहाबाद एसीपी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस को मिले फुटेज में बाल अपचारी गोली चलाने वाले आरोपी अभय के साथ दिखाई दिया था। पूछताछ में सामने आया कि नाबालिग की नवविवाहिता गर्भवती बहन रूपांशी यादव की मई में भुलभुलाखेड़ा गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। इस मामले में समेंद्र यादव पर भी दहेज हत्या का आरोप लगाया गया था। हालांकि, मलिहाबाद पुलिस की जांच में समेंद्र के खिलाफ आरोप प्रमाणित नहीं हुए थे। पुलिस का कहना है कि इसी रंजिश में हमले की साजिश रची गई।

# घर में घुसकर युवती से अभद्रता, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र के शहीद विहार निवासी महिला नीतू बाजपेयी ने एक दंपती पर घर में घुसकर उसकी 19 वर्षीय भतीजी से अभद्रता, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता नीतू बाजपेई के मुताबिक 13 सितंबर को दोपहर करीब 12 बजे उनकी भतीजी आर्या मिश्रा घर में अकेली थी। इसी दौरान धीरेन्द्र कुमार चौबे और उनकी पत्नी किरन चौबे बिना अनुमति उसके ड्राइंग रूम में घुस आए। आरोप है कि किरन चौबे ने आर्या से मोबाइल फोन मांगा। आर्या ने मना किया तो किरन ने उसे गंभीर नुकसान पहुंचाने और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद दंपती ने उसकी गर्दन पकड़ ली, जिससे उसका दम घुटने जैसी स्थिति हो गई। आरोप है कि महिला ने पैर गर्दन पर रखने की धमकी देने के साथ अपशब्द कहे। पीड़िता का कहना है कि उसके पास घटना की ऑडियो रिकॉर्डिंग मौजूद है। उसका कहना है कि धीरेन्द्र चौबे ने परिवार के सदस्यों को जान से मारने की धमकी दी। आरोपी ने अपने ससुर को उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रह चुके होने की बात कहने के साथ एसपी, डीजीपी सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से संपर्क होने की धमकी दी। पीड़िता ने दंपती पर घर की निगरानी कराने और अपने लोगों को घर में रखने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। वहीं पीड़ित महिला ने आरोप लगाया कि उसके बड़े बेटे लेफ्टिनेंट आकाश बाजपेई से संबंधित गोपनीय दस्तावेजों की प्राप्ति रसीद दंपति ने अपने पास रख ली। जो बार-बार मांगने के बाद भी वापस नहीं की। तब पीड़िता न इसकी सूचना 112 पर दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने आरोपी दंपती को वहाँ से हटाया। फिलहाल पीड़िता की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# छात्राओं से मारपीट व प्रताड़ना का आरोप, प्रधानाध्यापिका ने बताया निराधार

### जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत कर दोनों शिक्षिकाओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद क्षेत्र के सभाखेड़ा गांव निवासी बाबा हुलासी पाल ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, ढेढेमऊ की प्रधानाध्यापिका और एक शिक्षिका पर अपनी दो पोतियों के साथ मारपीट और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। उन्होंने सोमवार को जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर दोनों के खिलाफ जांच और कार्रवाई की मांग की है। साथ ही पोतियों की टीसी और मार्कशीट दिलाने की गुहार लगाई है। हुलासी पाल के मुताबिक उनकी पोतियां सोनिका पाल (16) और मोनिका पाल (14) कक्षा सात में पढ़ती हैं। दोनों के पिता भोगई की करीब तीन वर्ष पहले सड़क हादसे में मौत हो चुकी है, जबकि मां मंजू देवी का भी काफी पहले निधन हो गया था। आरोप है कि 28 अगस्त को रक्षाबंधन पर दोनों छात्राएं घर आईं और परिजनों को विद्यालय में कथित मारपीट व प्रताड़ना की जानकारी दी। शिकायत में प्रधानाध्यापिका नीलिमा सिंह और शिक्षिका सुमी श्रीवास्तव पर छात्राओं से मारपीट करने के साथ झाड़ू-पोंछा कराने का भी आरोप लगाया गया है। हुलासी पाल का कहना है कि इससे दोनों छात्राएं विद्यालय में पढ़ना नहीं चाहती हैं। आरोप है कि टीसी और मार्कशीट मांगने पर उन्हें धमकाया जाता है और शिकायत करने की बात कहने पर गाली-गलौज की गई।

### प्रधानाध्यापिका ने आरोपों को बताया निराधार

प्रधानाध्यापिका नीलिमा सिंह ने छात्राओं के साथ मारपीट और प्रताड़ना के आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में ऐसा कोई मामला नहीं हुआ है। परिजन यदि लिखित प्रार्थना पत्र देकर छात्राओं को विद्यालय में नहीं पढ़ाना चाहते हैं तो नियमानुसार नाम काटकर टीसी और मार्कशीट उपलब्ध करा दी जाएगी।

# गणेश महोत्सव में गूंजे गणपति बप्पा के जयकारे

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। रहीमाबाद सादर बाजार में सोमवार देर शाम गणेश चतुर्थी के अवसर पर 12वें विशाल गणेश महोत्सव का शुभारंभ हुआ। विधि-विधान से भगवान गणपति की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई। पूजा-अर्चना के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। गणपति बप्पा के जयकारों से पूरा बाजार भक्तिमय हो उठा। पूजा के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। आयोजकों के मुताबिक महोत्सव 14 से 17 सितंबर तक चलेगा। इस दौरान प्रतिदिन धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। 15 सितंबर को ईशु तिलकधारी विशेष कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। 16 सितंबर को राजू लकी भगवान शिव के तांडव की भव्य प्रस्तुति देंगे। वहीं 17 सितंबर को कलाकारों की ओर से हनुमान जी की लीला का मंचन किया जाएगा। महोत्सव को लेकर बाजार में आकर्षक सजावट की गई है। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम में आसपास के गांवों और क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। 18 सितंबर को भगवान गणपति की प्रतिमा का चंद्रिका देवी स्थल के किनारे गोमती नदी में विसर्जन किया जाएगा। इस मौके पर आयोजक अनूप गुप्ता, कुलदीप यादव सहित अन्य दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# तालाब की जमीन पर निर्माण का आरोप, राजस्व टीम ने की जांच


अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। खुजौली गांव में तालाब की सरकारी भूमि पर जामा मस्जिद और मदरसे के निर्माण को लेकर ग्रामीणों की शिकायत के बाद प्रशासन हरकत में आ गया शिकायत पर राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर भूमि की नाप-जोख कर जांच शुरू कर दी। ग्रामीणों ने एसडीएम मोहनलालगंज और जनसुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस) के माध्यम से शिकायत कर आरोप लगाया था कि गांव में तालाब के रूप में दर्ज सरकारी भूमि पर निर्माण कराया गया ग्रामीणों का कहना कि सरकारी जमीन को कब्जामुक्त कराते हुए मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जाए ग्रामीणों के अनुसार खुजौली गांव के राजस्व अभिलेखों में गाटा संख्या 1441, रकबा 0.8220 हेक्टेयर भूमि तालाब के रूप में दर्ज आरोप कि इसी भूमि के एक हिस्से में जामा मस्जिद का निर्माण कराया गया और इसके बाद मदरसे का भी पक्का निर्माण कर दिया गया शिकायत के बाद क्षेत्रीय लेखपाल इंद्रेश कुमार के नेतृत्व में राजस्व टीम मौके पर पहुंची और भूमि की पैमाइश की जांच के दौरान टीम ने मौके की स्थिति और राजस्व अभिलेखों का मिलान किया ग्रामीणों का दावा है कि नाप-जोख में निर्माण का कुछ हिस्सा तालाब की दर्ज भूमि में पाया गया। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में मांग की है कि यदि जांच में सरकारी भूमि पर कब्जे की पुष्टि होती है तो भूमि को तत्काल कब्जामुक्त कराया जाए और संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए ग्रामीणों ने निर्माण की वैधता संस्था से जुड़े अभिलेख और अनुमति पत्रों की भी जांच कराने की मांग की उनका कहना कि सरकारी तालाबों की भूमि का संरक्षण प्रशासन की जिम्मेदारी है, इसलिए मामले की निष्पक्ष जांच कर प्रभावी कार्रवाई की जाए फिलहाल राजस्व विभाग की जांच रिपोर्ट का इंतजार नाप-जोख के बाद प्रशासनिक स्तर पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

# श्री रेतेश्वर महादेव धाम परिसर में शानदार दंगल का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर के बंथरा क्षेत्र स्थित बनी गांव में हरतालिका तीज के पावन अवसर पर सोमवार शाम श्री रेतेश्वर महादेव धाम परिसर में हर वर्ष की तरह पौराणिक विशाल इनामी दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दंगल में कई राज्यों और जिलों से पहुंचे नामी पहलवानों ने अखाड़े में जोर-आजमाइश कर अपने दांव-पेच दिखाए। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी शिव शंकर सिंह ह्यशंकरीह्न ने पहलवानों के हाथ मिलवा कर कुश्तियों का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि अखाड़े की मिट्टी युवाओं को अनुशासन, संस्कार और संघर्ष की सीख देती है। यही मिट्टी पहलवान को मेहनत और लगन के बल पर योद्धा बनाने का काम करती है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और नियमित रूप से अखाड़े से जुड़कर शरीर को स्वस्थ रखने का आह्वान किया। साथ ही अपनी परंपरा और संस्कृति को आगे बढ़ाने की अपील की। इस दंगल में 1000 रुपये से लेकर 5000 रुपये तक के इनाम की कुश्तियों का मुकाबला हुआ। दंगल में मल्लावां, हरदोई के पहलवान रामपाल मिश्रा और दतिया, मध्य प्रदेश के पहलवान राममूर्ति को संयुक्त रूप से दंगल केसरी के खिताब से नवाजा गया। जबकि इस दंगल प्रतियोगिता में झांसी, उन्नाव, कानपुर, फतेहपुर, अयोध्या, बाराबंकी, गाजियाबाद, चंदौली, हाथरस, हरियाणा और दिल्ली सहित कई स्थानों से आए पहलवानों ने प्रतिभाग किया। यहाँ पहलवानों के बीच कुश्तियों के हुए रोमांचक मुकाबलों का दर्शकों ने जमकर लुत्फ उठाया। वहीं दंगल देखने के लिए आसपास के गांवों से भारी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। इस मौके पर बनी प्रधान रमेश कुमार गुप्ता, पूर्व प्रधान राकेश सिंह, पूर्व प्रधान जगनायक सिंह, भाजपा नेता विनय दीक्षित, शिव नारायण सिंह, अखिल भारतीय पाल महासभा के अध्यक्ष सज्जन पाल, लकी कपूर, विकास सिंह सहित काफी संख्या में आसपास गांवों के ग्रामीण मौजूद रहे।

# बंथरा में एक्सप्रेसवे से कंक्रीट का हिस्सा टूटकर नीचे गिरा

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। हाल ही में शुरू हुए लखनऊ-कानपुर एलिवेटेड एक्सप्रेसवे में सामने आ रही खामियां थमने का नाम नहीं ले रही हैं। जहां कुछ दिन पहले एक्सप्रेसवे पर कई स्थानों पर सड़क धंसने और गड्ढे बनने की घटनाओं के बाद टोल वसूली अस्थायी रूप से रोकनी पड़ी थी। वहीं सोमवार सुबह बंथरा क्षेत्र में एक्सप्रेसवे से कंक्रीट का हिस्सा टूटकर नीचे गिरने से एक बार फिर निर्माण गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बंथरा स्थित आजाद बिहार कॉलोनी के पास सोमवार सुबह करीब नौ बजे लखनऊ-कानपुर एलिवेटेड एक्सप्रेसवे से अचानक कंक्रीट के टुकड़े टूटकर नीचे कानपुर से लखनऊ आने वाली कानपुर रोड की पटरी पर गिरने लगे। उस समय सड़क पर वाहन और राहगीरों की आवाजाही जारी थी। गनीमत रही कि मलबा किसी वाहन या व्यक्ति के ऊपर नहीं गिरा, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। हालाकि अचानक कंक्रीट गिरने से मौके पर अफरातफरी का माहौल बन गया। लेकिन वाहन चालकों ने किसी तरह सावधानी बरतते हुए रास्ता पार किया। वहीं इस घटना को लेकर आनन फानन इसकी सूचना पीएनसी के अधिकारियों को दी गई। जिसके बाद सूचना मिलने पर एक्सप्रेसवे के रखरखाव की जिम्मेदारी संभाल रही पीएनसी कंपनी के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और सड़क पर पड़े मलबे को हटाकर यातायात सुचारु कराया। उधर एलिवेटेड एक्सप्रेसवे से कंक्रीट गिरने की घटना ने इसकी सुरक्षा और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि मलबा किसी वाहन या राहगीर पर गिरता तो बड़ा हादसा हो सकता था। लोगों ने एक्सप्रेसवे की तकनीकी जांच कराकर कमजोर हिस्सों की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है।

# मिजार्पुर के प्राकृतिक खजाने से रूबरू होगा लखनऊ

अमन लेखनी समाचार



निगोहां। मिजार्पुर के प्राकृतिक सौंदर्य धार्मिक स्थलों और ऐतिहासिक विरासत से अब राजधानी के लोग तस्वीरों के माध्यम से रूबरू होंगे ह्यउठो इंडिया जागो फाउंडेशनह्न की ओर से 31 अक्टूबर और एक नवंबर को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में ह्यमिजार्पुर दर्शन इन लखनऊह्न फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा सोमवार को निगोहां प्रेस क्लब कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की जानकारी दी उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में मिजार्पुर के झरनों, पहाड़ियों, जंगलों, नदियों, धार्मिक स्थलों और सांस्कृतिक धरोहरों की आकर्षक तस्वीरें प्रदर्शित की जाएंगी फाउंडेशन के अध्यक्ष दीपक कपूर ने बताया कि मिजार्पुर को लोग अक्सर केवल धार्मिक स्थलों के लिए जानते जबकि यहां प्राकृतिक पर्यटन की भी अपार संभावनाएं प्रदर्शनी का उद्देश्य लोगों को मिजार्पुर के अनदेखे पर्यटन स्थलों से परिचित कराना और उन्हें वहां घूमने के लिए प्रेरित करना। प्रदर्शनी 31 अक्टूबर को दोपहर दो बजे से शाम सात बजे तक और एक नवंबर को सुबह 11 बजे से शाम सात बजे तक आम लोगों के लिए खुली रहेगी प्रेस वार्ता में जाहिद रिजवी, भारत भूषण समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# मोबाइल की किस्त बनी 'कैद' की वजह युवक को अगवा कर बंधक बनाने का आरोप

### ब्लड बैंक ले जाकर खून निकलवाने जबरन मजदूरी कराने का आरोप

अमन लेखनी समाचार




निगोहां। मोबाइल की किस्त के विवाद में एक युवक को अगवा कर बंधक बनाने जबरन मजदूरी कराने और ब्लड बैंक ले जाकर खून निकलवाने का आरोप सामने आया राजारामखेड़ा पुरहिया गांव निवासी जदूराई ने सोमवार को डीसीपी दक्षिणी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की डीसीपी के निर्देश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी पीड़िता के मुताबिक उनके बेटे नेवल ने करीब एक वर्ष पहले निगोहां की एक मोबाइल दुकान से किस्तों पर मोबाइल खरीदा था कुछ समय बाद दुकान से जुड़े लोग घर पहुंचकर मोबाइल वापस ले गए और किस्त जमा न करने की बात कही आरोप है कि आठ सितंबर को दो युवक नेवल को दुकान पर बुलाने के बहाने अपने साथ ले गए परिजनों का आरोप है कि उसे लखनऊ ले जाकर एक ब्लड बैंक में खून निकलवाया गया और सदर क्षेत्र के एक मकान में बंधक बनाकर जबरन मजदूरी कराई गई।

आरोप है कि आरोपियों ने नेवल के भाई राजकुमार से पहले 2,799 रुपये ऑनलाइन मंगवाए फिर 12 हजार रुपये की मांग की रुपये न देने पर युवक की हत्या कर शव गोमती में फेंकने की धमकी दी गई पांच दिन बाद युवक के निगोहां लौटने पर उसने परिजनों को अपने साथ हुई पूरी घटना बताई। डीसीपी दक्षिणी मो. मुश्ताक ने मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## संक्षेप

### विद्यालय परिसर में किचन का ताला तोड़कर चोरों ने पार किया समान

बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के गांव मगरायर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में चोरों ने अतिरिक्त कक्ष किचन का ताला तोड़कर मिड डे मील का सामान व कक्षा 6 का ताला तोड़कर टेलीविजन व यू पी एस पार कर दिया इंचार्ज शिक्षक ने थाने में प्रार्थना पत्र दिया है। उच्च प्राथमिक विद्यालय मगरायर के इंचार्ज शिक्षक धर्मेंद्र कुमार ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि सोमवार सुबह विद्यालय पहुंचे अतिरिक्त कक्ष किचन तथा कक्षा 6 का ताला टूटा था ।किचन में रखा एक सिलिनडर तीन भगोना ढक्कन सहित, परात , प्रेशर कुकर, तथा कक्षा 6 में रखा बड़ा टेलीविजन व यूपीएस बैटरी चोरों द्वारा पार कर दी गई। कोतवाल अश्विनी कुमार मिश्रा ने बताया की प्रार्थना पत्र मिला है मामले की जांच की जा रही है।

### किशोर हुआ लापता पिता ने दर्ज कराई गुमशुदगी

बांगरमऊ, उन्नाव। बाल कटवाने गया एक किशोर रहस्यमय ढंग से लापता हो गया। काफी खोजबीन के बाद भी कोई सुराग नही लगने पर पिता ने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई है। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नेवल निवासी आफाक द्वारा दर्ज कराई गई गुमशुदगी में कहा है कि उसका 16 वर्षीय पुत्र अब्दुल्ला खान उर्फ जकी 13 सितम्बर की दोपहर अपनी मां सीमा के साथ बाल कटवाने के लिए बांगरमऊ बाई पास गया था। मां सीमा मार्केट में सामान खरीदने चली गई। उसके बाद जकी घर नही पहुंचा। परिजनों ने उसके ननिहाल सिकंदरपुर सरोसी सहित कई रिश्तेदारों से जानकारी की लेकिन उसका कोई सुराग नही लगा है। कोतवाली प्रभारी अखिलेश चंद पांडेय ने बताया कि उसकी लोकेशन पंजाब में पाई गई है। जल्द ही उसे खोज लिया जाएगा।

### तालाब में मछली पकड़ने गए युवक की पानी में डूबने से मौत

उन्नाव। मांखी थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह तालाब में मछली पकड़ने गया युवक गहरे पानी में डूब गया काफी देर तक वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने खोज बीन की तो तालाब में शव पड़ा मिला घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। थाना क्षेत्र के रग्घा खेडा गांव निवासी मनोज पुत्र सियाराम 32 सोमवार की सुबह अहरा डडिया और गांव के बीच स्थित तालाब में मछली पकड़ने गया था जहां वह गहरे पानी में डूब गया जब काफी देर तक वापस नहीं लौटा तो खोजबीन की गयी जहां तालाब में पानी के बीच शव पड़ा मिला मृतक खेती किसानी करता था मृतक के तीन बेटे अध्यांत, करन, दीपांशु दो बेटियां रुबी व रूचि हैं मां इंद्राना पत्नी माया पति की मौत से आहत है इस सम्बंध में थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने बताया कि युवक तालाब में मछली पकड़ने गया था जहां डूब कर उसकी मौत हो गयी शव पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है।

## गंगाघाट गंगा पुल पर दौड़े भारी वाहन – स्थानीय लोगों में नाराजगी, सभासदों ने लौटाए ट्रक

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। जाजमऊ पुल बंद होने के बाद भारी वाहनों का दबाव गंगाघाट गंगा पुल पर बढ़ गया है, जिससे स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी है। रविवार को पुल पर बड़ी संख्या में भारी वाहन गुजरते देखे गए। सूचना मिलते ही कई सभासद और समाजसेवी मौके पर पहुंचे और विरोध जताते हुए कई ट्रकों को वापस लौटा दिया। प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जाजमऊ पुल बंद होने के बाद वैकल्पिक रूट और गंगाघाट पुल की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होने चाहिए थे, लेकिन रविवार को दिनभर भारी वाहन बेरोकटोक पुल से गुजरते रहे। आरोप है कि इस दौरान जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने रहे। मौके पर पहुंचे सभासद प्रत्यक्ष गुप्ता ने साथियों के साथ विरोध जताया। उन्होंने कहा कि गंगाघाट की आबादी लाखों में है और कानपुर-शुक्लागंज को जोड़ने वाला गंगा पुल बेहद अहम है। पुल पर भारी वाहनों का अनियंत्रित आवागमन बड़े हादसे को न्योता दे सकता है। उन्होंने कहा कि कथित मिलीभगत के चलते रात के अंधेरे में पहले से ही भारी वाहन पुल से गुजर रहे हैं, जिससे पुल पर जगह-जगह बड़े गड्ढे बन गए हैं। अगर यही हाल रहा तो पुल की हालत और खराब हो जाएगी। पुल पर रोजाना हजारों दोपहिया, चारपहिया वाहन और पैदल लोग गुजरते हैं, ऐसे में भारी वाहनों से कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है।

प्रत्यक्ष गुप्ता ने चेतावनी दी कि इस मामले में अधिकारियों से बात की जाएगी और भारी वाहनों की एंट्री रोकने के लिए ठोस कार्रवाई की मांग की जाएगी। अगर प्रशासन ने कदम नहीं उठाया तो सभासद और स्थानीय लोग खुद विरोध करने को मजबूर होंगे। किसी भी अप्रिय घटना की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया कि जब भारी वाहनों के लिए अलग रूट तय है और नगर की सीमा पर प्रशासनिक मौजूदगी है, तो फिर ये वाहन गंगा पुल तक कैसे पहुंच रहे हैं। मांग की गई है कि पुल पर पुलिस और यातायात विभाग की पर्याप्त तैनाती हो ताकि नियम तोड़कर कोई भारी वाहन पुल में प्रवेश न कर सके। रविवार को विरोध के बाद कुछ भारी वाहनों को वापस भेज दिया गया। अब सबकी निगाहें सोमवार को प्रशासन से होने वाली बातचीत पर टिकी हैं।

## गंगा के जलस्तर में गिरावट जारी, फिर भी खतरे के निशान से ऊपर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पिछले हफ्ते गंगा का जलस्तर बढ़ने से हुई तबाही के बाद अब धीरे-धीरे राहत मिलती दिख रही है। रविवार को जलस्तर में 2 सेंटीमीटर की कमी आई थी, जबकि सोमवार को करीब 6 सेंटीमीटर की गिरावट दर्ज की गई। इसके बावजूद गंगा अभी भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।

केंद्रीय जल आयोग के मुताबिक रविवार शाम 6 बजे गंगा का जलस्तर 113.050 मीटर से अधिक था, जो सोमवार सुबह घटकर 113.050 मीटर पर पहुंच गया। खतरे का निशान 113 मीटर है। यानी नदी अभी भी खतरे के निशान से करीब 5 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। आयोग ने मंगलवार को भी जलस्तर में और कमी की संभावना जताई है, लेकिन खतरे के निशान से नीचे आने में अभी समय लग सकता है।



जलस्तर ऊंचा रहने से किनारे बसे इलाकों में बाढ़ की समस्या बनी हुई है। गंगाघाट के कर्बला, गोताखोर, हुसैन नगर और तेजी पुरवा समेत कई मोहल्लों में अभी भी पानी भरा है। कई जगह घरों के बाहर कमर तक पानी है, लोग नाव के सहारे आ-जा रहे हैं। अंदरूनी इलाकों में पानी थोड़ा कम होने से लोगों को मामूली राहत मिली है और गलियों में जमा पानी धीरे-धीरे निकल रहा है।

पानी उतरने के बाद अब नई परेशानी शुरू हो गई है। कई दिनों तक पानी में डूबे रहने से पेड़-पौधे सड़ने लगे हैं और धूप निकलते ही तेज बदबू उठ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जलस्तर घटने के बाद सफाई और कीटनाशक दवाओं का छिड़काव बेहद जरूरी है, ताकि बीमारियों से बचा जा सके।

## खेत में खड़ी फसलों में भरा पानी किसान चिंतित

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र के ग्राम मुस्तफाबाद में बरसाती नाले पर अवैध कब्जे के चलते जल निकासी बाधित हो रही है ।जिससे किसानों की परेशानी बढ़ गई है। खेतों से पानी की निकासी न होने के कारण बारिश का पानी फसलों में जमा हो रहा है। जिससे फसलें खराब होने की आशंका से किसान चिंतित हैं। ग्रामीणों ने मामले को लेकर एसडीएम बृजमोहन शुक्ला को शिकायती पत्र देकर नाले को कब्जामुक्त कराकर जल निकासी सुचारु कराने की मांग की है। शिकायती पत्र में ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव के बरसाती नाले पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर उसे अवरुद्ध कर दिया है। नाला बंद होने के कारण बारिश के पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। पानी खेतों में पहुंचकर लंबे समय तक जमा हो रहा है। इससे खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंच रहा है और किसानों को आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते नाले की सफाई कराकर अवैध कब्जा नहीं हटाया गया तो आगामी दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। जलभराव के कारण खेतों में फसल बचाना मुश्किल हो जाएगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से मौके की जांच कराकर नाले की वास्तविक स्थिति का जायजा लेने तथा अवरोध हटवाकर पानी की निकासी सुनिश्चित कराने की मांग की है। शिकायती पत्र पर अजय कुमार, योगेश कुमार, वीरेंद्र सिंह, छोटेलाल, शिवसागर, रामविलास, रामखेलावन, रामप्रकाश, राकेश कुमार समेत दर्जनों ग्रामीणों के हस्ताक्षर मौजूद हैं।

## गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर नगर में कई स्थानों पर भजन, कीर्तन एवं कथा के हुए आयोजन

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर आज नगर में कई स्थानों पर प्रथम पूजनीय भगवान गणेश जी की प्रतिमाओं का पूजन अर्चन एवं भव्य आरती और भजन कीर्तन एवं कथा के आयोजन का शुभारंभ हो गया। नगर के मोहल्ला खत्रियाना स्थित गणेश महोत्सव हाल में गणेश जी की विशाल प्रतिमा स्थापित की गई। आचार्य पंडित रामदेव शास्त्री ने प्रथम दिवस के यजमान गोविंद गुप्ता अपनी धर्मपत्नी सहित पूजन अर्चन किया और आरती के बाद प्रसाद वितरित किया। वहीं छोटे कैटर्स द्वारा मोहल्ला किला शाह जी में आचार्य कृष्ण कुमार मिश्र ने वेद मंत्रोच्चार के साथ गणेश भगवान का पूजन कराया। जबकि अस्पताल रोड पर अवधेश तूफानी सभासद एवं



नरेश प्रजापति द्वारा भी मूर्ति स्थापना कर पूजन अर्चन किया गया। नगर के मोहल्ला कटरा में तीन स्थानों पर भगवान गणेश जी की प्रतिमाएं स्थापित कर पूजन किया गया। इसके अलावा मोहल्ला सिद्धार्थ नगर में बाल्मीकि समाज और नानामऊ मार्ग पर में सर्व समाज के लोगों ने गणपति बप्पा की भव्य प्रतिमा स्थापित कर पूजन किया। मोहल्ला खत्रियाना में वृंदावन धाम से पधारे पंडित प्रदीप मिश्रा जी के मुखारविंद से भगवान गणेश जी के जन्म और भगवान शिव जी द्वारा गजानन का सिर लगाकर पुनः जीवित करने की लीलाओं का बखान किया गया। शाम को 6:30 बजे महा आरती के पश्चात प्रसाद वितरित किया गया।

## कजरी तीज पर आल्हा गायन का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। क्षेत्र के गांव चिलौली में परंपरागत रूप से कजरी तीज के अवसर पर होने वाले आल्हा व दंगल कार्यक्रम में गायक शीलू सिंह ने आल्हा सुनाकर लोगों को मंत्र मुग्ध किया। कजरी तीज के अवसर पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम में आल्हा प्रस्तुत करते हुए शीलू सिंह ने सुनाया बड़े लड़ईया मोहबे वाले जिनके बेड़ी बहै तलवार ,कठिन लड़ाई भय बांसी मां बाजी चार कृपाण, बड़े बहादुर आल्हा ऊदल जिनके बा का नहीं शुमार, मारे मारे तलवारिन के बांसी गर्द दियो करवाय।श्रोताओं ने आल्हा गायक अलग-अलग शीलू सिंह चौहान का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्राम प्रधान अनूप बाजपेई, शैलेश तिवारी, डॉक्टर शशांक शेखर वर्मा, विश्व हिंदू परिषद के नेता रवि शंकर शुक्ला ,अनुराग



शुक्ला, सूर्य प्रकाश गौतम, सुशील यादव, अश्विनी कुमार बाजपेई, दीपू यादव, ननकू यादव ,संतोष पासवान आदि रहे।

## जाजमऊ गंगा पुल बंद रूट बदला फुटपाथ पर लगने वाली दुकानों को हटवाने की मांग

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। कानपुर में जाजमऊ गंगा पुल बंद होने से भगवंत नगर बस स्टैंड के पास भारी वाहनों और डंपरों की आवाजाही से गंभीर सड़क हादसों का डर बना हुआ है। बस स्टेशन के फुटपाथ पर रोज लगने वाली सब्जी और फल की दुकानों के कारण रास्ता संकरा हो जाता है।

इसी समस्या को देखते हुए सोमवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल (भगवंत नगर) के पदाधिकारीयो एवं व्यापारियों ने नगर पंचायत कार्यालय में नगर पंचायत अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी (ईओ) के नाम

ज्ञापन सौंपते हुए मांग कि लोगों की सुरक्षा के लिए सब्जी मंडी को फुटपाथ से हटाकर सदर बाजार या फुलमती मंदिर परिसर के पास शिफ्ट




करना बहुत जरूरी है। सदर बाजार के पास काफी जगह है, जिससे सब्जी बेचने वालों को भी सुविधा होगी। इससे बस स्टेशन पर ट्रैफिक आसान और सुरक्षित हो जाएगा

इस मौके पर भगवंत नगर व्यापार मंडल के पदाधिकारीयो में उमाशरण सोनी, दीपक नारायण सोनी, संजय सोनी, विपिन कुमार, विमल कुमार बाजपेई ,चंद्रिका प्रसाद ,राजा शुक्ला, आशीष कसेरा, पंकज गुप्ता, सुशील कुमार, महेंद्र वर्मा, सुमित बाजपेई और अमित सोना (अंशू सोनी) भी वहां उपस्थित थे।

## पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर, एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के आजाद मार्ग पर रविवार शाम तेज रफ्तार पिकअप लोडर ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। हादसा धनईया गांव के सामने हुआ। टक्कर में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही जाजमऊ चौकी इंचार्ज विनोद सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस से दोनों घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान उमेश कुमार पुत्र अशोक कुमार, निवासी बदरका, थाना अचलगंज के रूप में हुई है। बाइक पर पीछे बैठे दूसरे युवक की हालत गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि रविवार शाम दोनों युवक बाइक से आजाद मार्ग से जा रहे थे, तभी सामने से आ रहे पिकअप लोडर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद पिकअप चालक गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस का कहना है कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि घटना की सही वजह सामने आ सके।

## ग्रामीणों ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर नाले को कब्जामुक्त कराकर जल निकासी सुचारू कराए जाने की मांग

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र के ग्राम मुस्तफाबाद में बरसाती नाले पर अवैध कब्जे के चलते जल निकासी बाधित हो रही है ।जिससे किसानों की परेशानी बढ़ गई है। खेतों से पानी की निकासी न होने के कारण बारिश का पानी फसलों में जमा हो रहा है। जिससे फसलें खराब होने की आशंका से किसान चिंतित हैं। ग्रामीणों ने मामले को लेकर एसडीएम बृजमोहन शुक्ला को शिकायती पत्र देकर नाले को कब्जामुक्त कराकर जल निकासी सुचारु कराने की मांग की है।

शिकायती पत्र में ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव के बरसाती नाले पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर उसे अवरुद्ध कर दिया है। नाला बंद होने के कारण बारिश के पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। पानी खेतों में पहुंचकर लंबे समय तक जमा हो रहा है। इससे खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंच रहा है और किसानों को आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है।

किसानों का कहना है कि यदि समय रहते नाले की सफाई कराकर अवैध कब्जा नहीं हटाया गया तो आगामी दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। जलभराव के कारण खेतों में फसल बचाना मुश्किल हो जाएगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से मौके की जांच कराकर नाले की वास्तविक स्थिति का जायजा लेने तथा अवरोध हटवाकर पानी की निकासी सुनिश्चित कराने की मांग की है ।शिकायती पत्र पर अजय कुमार, योगेश कुमार, वीरेंद्र सिंह, छोटेलाल, शिवसागर, रामविलास, राकेश कुमार समेत दर्जनों ग्रामीणों के हस्ताक्षर मौजूद हैं।

## अनुराग के जन्मदिन पर बंटा डोसा, चाट और समोसा

### टोकन के जरिए लोगों को मिला मुफ्त खाना

अमन लेखनी समाचार



नवाबगंज, उन्नाव। यूट्यूबर अनुराग द्विवेदी के 13 सितंबर को जन्मदिन के मौके पर नवाबगंज में अलग-अलग दुकानों पर लोगों को मुफ्त में डोसा, चाट और समोसा खिलाया गया। दुकानदारों के मुताबिक, अनुराग की ओर से आए लोगों ने पहले से टोकन की व्यवस्था की थी। टोकन लेकर पहुंचने वालों को ही मुफ्त खाद्य सामग्री दी गई।

अनंतभोग रेस्टोरेंट के मालिक रवि प्रताप सिंह ने बताया कि करीब 350 लोगों को मसाला डोसा खिलाया गया। एक डोसे की कीमत 140 रुपये है। इस हिसाब से करीब 49 हजार रुपये के डोसे खिलाए गए। उनके मुताबिक, अनुराग के लोग पहले ही टोकन कटवाकर ले गए थे और टोकन लेकर आने वालों को डोसा दिया गया।

सुभाष चाट वाले ने बताया कि करीब 150 लोगों ने चाट खाई। एक पत्ते की कीमत 30 रुपये है। इस हिसाब से करीब 4,500 रुपये की चाट बांटी गई। उनके अनुसार, अनुराग के लोग दुकान पर मौजूद थे और उनके कहने पर लोगों को चाट दी गई।

तिवारी समोसा वाले ने बताया कि करीब 934 लोगों को समोसा खिलाया गया। एक समोसे की कीमत 7.50 रुपये है। इसके मुताबिक करीब 7,005 रुपये के समोसे खिलाए गए।

तीनों दुकानदारों द्वारा बताई गई संख्या और दरों के आधार पर मुफ्त भोजन पर करीब 60,505 रुपये खर्च होने का अनुमान है। हालांकि, यह अनुमान दुकानदारों द्वारा बताई गई संख्या के आधार पर है। मुफ्त में खाना खिलाने का मामला रविवार को कस्बे में चर्चा का विषय बना रहा। स्थानीय लोगों के बीच यह भी चर्चा रही कि दुकानों पर व्यवस्था के लिए लगाए गए लोगों के परिचितों को ही अधिक लाभ मिला। हालांकि, इसकी स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी।

### खजूर गांव के रहने वाले हैं अनुराग

मालूम हो कि अनुराग द्विवेदी नवाबगंज क्षेत्र के खजूर गांव के रहने वाले हैं। कुछ माह पूर्व प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उनकी लग्जरी गाड़ियों समेत करीब 27 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति फ्रीज की थी। ईडी की जांच में हवाला चैनलों के जरिए दुबई में रियल एस्टेट निवेश किए जाने की बात सामने आने की जानकारी भी सामने आई थी। वर्तमान में उनके विदेश में रहने की चर्चा है।

## दो किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र के एक गाँव से शनिवार को फॉर्म डालने गई किशोरी को प्रियांश पासी निवासी बक्सर शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगा ले जाने का परिजनो ने आरोप लगाया जबकि दूसरे मामले में घर से जेवर व दस्तावेज लेकर किशोरी लापता हो गयी। पीड़ित पिता ने रिंकू निवासी ग्राम भैंसई, थाना अचलगंज को आरोपी बनाया है ।किशोरी घर में रखा 1 मंगलसूत्र, आधार कार्ड और मोबाइल फोन भी अपने साथ ले गई है ।थानाध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया दोनो मामलों में मुकदमा दर्ज कर किशोरियो की खोज बीन की जा रही है।

## किशोरी को जबरन ले जाने का आरोप दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग किशोरी के परिजनों के साथ मारपीट कर उसे अपहृत कर ले जाने की शिकायत पर पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत के एक गांव निवासिनी किशोरी की मां ने बताया कि एक वर्ष पहले मेरी लड़की मुख्तियार खेड़ा निवासी दीपू से फोन पर बात चीत करती थी ।जिसकी जानकारी होने पर बेटी की समझा बुझा कर युवक को भी डाट दिया गया था तब से बातचीत बंद थी। गत 12 सितंबर को फिर फोन आया तो मेरे पति ने डाट फटकार लगाई ।जिसके बाद रात को आरोपी दीपू अपने भाई गुड्डू के साथ मेरे घर आकर मुझे तथा मेरे पति को मारा पीटा ।इसके बाद से मेरी बेटी लापता है आरोप है कि उक्त लोग मेरी बेटी का अपहरण कर ले गए हैं ।एस ओ सुब्रत त्रिपाठी ने बताया कि किशोरी के मां की तहरीर पर दो युवकों के विरुद्ध मारपीट अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही ।

## गणेश महोत्सव का शुभारंभ जगह जगह सजे पंडाल प्रतिमा की गई स्थापित

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। सोमवार को भाद्र पद शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से शुरू हुए गणेश महोत्सव को लेकर पूरे क्षेत्र में उल्लास का वातावरण बना रहा। नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी और ऊगू से लेकर गाँवों तक लगभग एक दर्जन से अधिक स्थानों पर गणेश प्रतिमा को स्थापित कर भव्य पांडाल सजाये गए हैं। विधि विधान से मंत्रोच्चार के बीच विघ्न विनाशी भगवान गणेश को ऊंचे आसन पर पंडालों में बिठाया गया है। जहाँ चार से पांच दिन चलने वाले कार्यक्रमों में पूजन अर्चन आरती के साथ कीर्तन भजन का आयोजन किया जाएगा। ऊगू के काली मंदिर पर नगर वासियों द्वारा लगातार पांचवें वर्ष गणेश जी को विराजमान किया गया है। मुख्य आयोजक आचार्य ऋषि कान्त मिश्रा ने बताया कि जब पांच



साल पहले पहली बार कार्यक्रम शुरू किया गया था तब लगता था कि कैसे सब सम्पन्न होगा लेकिन सबके सहयोग से बढ़िया कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिससे हिम्मत बढ़ गई और यह सिलसिला चल रहा है। उन्होंने बताया कि अब मूर्तियों की कीमतें बढ़ गई हैं। बिजली का कोई भरोसा न होने के कारण जनरेटर आदि की व्यवस्था करनी पड़ती है जिसमें डीजल के रेट बढ़ने के कारण काफी अधिक खर्चा आ जाता है जिसे नगर के लोग मिलबांटकर वहन कर लेते हैं। कार्यक्रम में हर्ष उर्फ मनू शुक्ला, संदीप, पप्पू, दीपांशु, अरविन्द, रिंकू, छबीले आदि लोग नियमित व्यवस्था संभालते हैं। फतेहपुर चौरासी में, नगर पंचायत कार्यालय के निकट, गढ़ी मोहल्ले तथा काली मिट्टी शिवराज पुर रोड पर कस्बे में ही रामदास कश्यप आदि के द्वारा भी गणेश महोत्सव मनाया जा रहा है।

## सम्पादकीय

# ब्रिक्स में बढ़ती भारत की धाक

ब्रिक्स देशों में भारत की बढ़ती भूमिका केवल कूटनीतिक उपलब्धि नहीं, बल्कि बदलती वैश्विक व्यवस्था में बढ़ते प्रभाव का संकेत भी है। कभी पश्चिमी देशों के आर्थिक प्रभुत्व के बरक्स उभरती अर्थव्यवस्थाओं का मंच माना जाने वाला ब्रिक्स अब विश्व राजनीति के महत्वपूर्ण केंद्रों में शामिल है। ऐसे समय में भारत ने आर्थिक ताकत, कूटनीतिक संतुलन और रणनीतिक स्पष्टता का परिचय दिया और देश की राजधानी दिल्ली में सफल ब्रिक्स सम्मेलन का आयोजन कर पूरी दुनिया को चौंका दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की यह सक्रियता बताती है कि नई दिल्ली अब वैश्विक फैसलों की केवल दर्शक नहीं, बल्कि दिशा तय करने वाली शक्ति बनना चाहती है। भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी अर्थव्यवस्था है। 7.8 प्रतिशत की शानदार जीडीपी वृद्धि ने दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बीच भारत की रफ्तार को रेखांकित किया है। जब कई बड़ी अर्थव्यवस्थाएं सुस्ती और अनिश्चितताओं से जूझ रही हैं, तब भारत का तेज विकास उसे ब्रिक्स का महत्वपूर्ण 'ग्रोथ इंजन' बनाता है। यही आर्थिक शक्ति भारत को वैश्विक दक्षिण की आकांक्षाओं को मजबूती से उठाने का आधार देती है। ब्रिक्स के संयुक्त घोषणापत्र में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता की दावेदारी का समर्थन भी महत्वपूर्ण है। खास बात यह है कि चीन और रूस समेत समूह के सभी सदस्य देशों का समर्थन भारत की कूटनीतिक स्वीकार्यता को दर्शाता है। भारत को स्थायी सदस्यता का हक मिलना केवल भारत की जीत नहीं, बल्कि वैश्विक संस्थाओं को अधिक प्रतिनिधिक और लोकतांत्रिक बनाने की दिशा में जरूरी कदम होगा। आतंकवाद के मुद्दे पर भी भारत ने अपनी बात मजबूती से रखी है। अप्रैल 2025 के पहलगाम आतंकी हमले की सामूहिक निंदा ब्रिक्स के घोषणापत्र में शामिल होना महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। पाकिस्तान के करीबी माने जाने वाले चीन का भी इस सामूहिक रुख से सहमत होना बताता है कि आतंकवाद को लेकर भारत की चिंता को अब नजरअंदाज करना आसान नहीं है। भारत की सबसे बड़ी कूटनीतिक उपलब्धि शायद उसका संतुलन साधने का कौशल है। एकतरफा प्रतिबंधों के विरोध का ब्रिक्स का रुख भी बदलती वैश्विक आर्थिक राजनीति का संकेत है। अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मंजूरी के बिना लगाए जाने वाले प्रतिबंधों पर सवाल उठना बताता है कि विकासशील देश अब वैश्विक नियमों के निर्माण में अधिक हिस्सेदारी चाहते हैं। हालांकि भारत को इस बढ़ती धाक से आत्ममुग्ध होने के बजाय अपनी चुनौतियों को भी समझना होगा। ब्रिक्स में चीन का प्रभाव बड़ा है और सदस्य देशों के हित हमेशा एक जैसे नहीं हैं। इसलिए भारत की असली परीक्षा समूह को किसी पश्चिम-विरोधी मंच में बदलने की नहीं, बल्कि उसे अधिक संतुलित, व्यावहारिक और बहुध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था का प्रभावी मंच बनाने की है। ब्रिक्स में भारत की धाक इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह केवल भारत की आवाज के बुलंद होने की कहानी नहीं है, बल्कि यह उस दुनिया के बदलने का संकेत है, जिसमें फैसले अब कुछ शक्तियों के बंद कमरों में नहीं, बल्कि नई उभरती शक्तियों की भागीदारी से तय होंगे। भारत को इस अवसर को नेतृत्व में बदलना होगा। अब दुनिया का शक्ति संतुलन बदल रहा है। जहां पहले अमेरिका यूरोप का दबदबा दिखाई देता था, वहां अब ब्रिक्स देश भी कमतर नहीं रहे। खासकर इन देशों में भारत की भूमिका काफी अहम मानी जा रही है।

# दिल्ली की दस्तक, दुनिया के दिल तक



विश्लेषण

डॉ. घनश्याम बादल

भारत के लिए ब्रिक्स सम्मेलन को सफल मानने के पर्याप्त कारण हैं। आज दुनिया युद्धों, व्यापारिक प्रतिबंधों, बढ़ते संरक्षणवाद, ऊर्जा संकट और महाशक्तियों के टकराव से गुजर रही है। ईरान और संयुक्त अरब अमीरात जैसे परस्पर अलग क्षेत्रीय समीकरण वाले देशों के साथ-साथ रूस, चीन और भारत जैसे अपने-अपने हितों वाले देशों को एक साझा दस्तावेज लाने पर सहमत करना भारत की कूटनीतिक क्षमता का प्रमाण है। उसने ब्रिक्स को खुले तौर पर पश्चिम-विरोधी गठबंधन में बदलने से रोका। यह आसान नहीं था। नई दिल्ली घोषणा ने एकध्रुवीयता के बजाय बहुध्रुवीयता, वैश्विक संस्थाओं में सुधार और विकासशील देशों की अधिक भागीदारी की बात की।

नई दिल्ली में दो दिन तक दुनिया की निगाहें टिकी रहीं। 21 देशों के ब्रिक्स परिवार के नेताओं की मौजूदगी में 18वां शिखर सम्मेलन समाप्त हो गया। मंच पर मुस्कुराते चेहरे थे, हाथ मिलाते नेता थे और बहुपक्षीय सहयोग के बड़े-बड़े संकल्प भी। लेकिन किसी शिखर सम्मेलन की सफलता का पैमाना तस्वीरें नहीं, उसके बाद बदलने वाले समीकरण होते हैं। अब असली सवाल यह है कि भारत ने ब्रिक्स की अध्यक्षता से क्या पाया, ब्रिक्स अपने उद्देश्यों की ओर कितना बढ़ा और नई दिल्ली से निकली यह कूटनीतिक ऊर्जा बीजिंग, मास्को, पश्चिम एशिया और अमेरिका तक कितनी दूर जाएगी?

भारत के लिए ब्रिक्स सम्मेलन को सफल मानने के पर्याप्त कारण हैं। आज दुनिया युद्धों, व्यापारिक प्रतिबंधों, बढ़ते संरक्षणवाद, ऊर्जा संकट और महाशक्तियों के टकराव से गुजर रही है। ईरान और संयुक्त अरब अमीरात जैसे परस्पर अलग क्षेत्रीय समीकरण वाले देशों के साथ-साथ रूस, चीन और भारत जैसे अपने-अपने हितों वाले देशों को एक साझा दस्तावेज लाने पर सहमत करना भारत की कूटनीतिक क्षमता का प्रमाण है। उसने ब्रिक्स को खुले तौर पर पश्चिम-विरोधी गठबंधन में बदलने से रोका। यह आसान नहीं था। नई दिल्ली घोषणा ने एकध्रुवीयता के बजाय बहुध्रुवीयता, वैश्विक संस्थाओं में सुधार और विकासशील देशों की अधिक भागीदारी की बात की, लेकिन ब्रिक्स को नाटो जैसे राजनीतिक या सैन्य गुट में बदलने की दिशा नहीं अपनाई। यह भी भारत की बड़ी कूटनीतिक उपलब्धि है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सहित वैश्विक संस्थाओं में सुधार का मुद्दा भी आगे बढ़ाया। उल्लेखनीय है कि घोषणा में चीन और रूस ने भारत तथा ब्राजील की संयुक्त राष्ट्र में अधिक बड़ी भूमिका, जिसमें सुरक्षा परिषद की भूमिका भी शामिल है, के प्रति समर्थन दोहराया।

सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता पाना भारत की विदेश नीति का पुराना लक्ष्य है और ब्रिक्स जैसे मंच पर चीन और रूस से सार्वजनिक समर्थन मिलना इसकी कूटनीतिक पूंजी बढ़ाता है। लेकिन यहीं से सफलता की सीमा भी शुरू हो जाती है। ब्रिक्स ने वैश्विक व्यवस्था बदलने की इच्छा तो जताई है, पर उसे बदलने के औजार अभी सीमित हैं। स्थानीय मुद्राओं में व्यापार, वैकल्पिक भुगतान व्यवस्था और डॉलर पर निर्भरता कम करने की चर्चा वर्षों से हो रही है। इस सम्मेलन में भी आर्थिक और वित्तीय सहयोग पर जोर रहा, लेकिन कोई ऐसी क्रांतिकारी व्यवस्था सामने नहीं आई जो रातोंरात वैश्विक वित्तीय ढांचे को बदल दे। 'डी-डॉलराइजेशन' की अतिरंजित दिशा से भी दूरी बनाए रखने की सावधानी ही भारत के लिए उचित है, क्योंकि अमेरिका आज भी उसका महत्वपूर्ण व्यापारिक, तकनीकी और रणनीतिक साझेदार है। ब्रिक्स की दूसरी चुनौती उसका अंतर्विरोध है। भारत और चीन के बीच सीमा विवाद पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। रूस पश्चिम से टकराव की स्थिति में है। ईरान और अमेरिका के बीच तनाव है। पश्चिम एशिया में सदस्य देशों के हित हमेशा एक जैसे नहीं हैं। ऐसे में सर्वसम्मति से बयान निकाल लेना उपलब्धि है, लेकिन साझा नीति बनाना उससे कहीं कठिन है।




नरेंद्र मोदी और शी जिनपिंग की मुलाकात ने भारत-चीन संबंधों में संभावित नरमी की खिड़की खोली है। दोनों पक्षों ने सीमा पर शांति, व्यापार, बाजार पहुंच और लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने की जरूरत पर बात की। शी से सात वर्ष बाद यह उच्चस्तरीय संपर्क महत्वपूर्ण है। लेकिन इसे संबंधों में 'रीसेट' कहना अभी जल्दबाजी होगी। सीमा विवाद, व्यापार असंतुलन और रणनीतिक अविश्वास अपनी जगह कायम हैं।

चीन 2027 में ब्रिक्स की अध्यक्षता करेगा, इसलिए अब भारत की बनाई दिशा को बीजिंग किस रूप में आगे ले जाता है, यह बेहद महत्वपूर्ण होगा। रूस के संदर्भ में भारत को इस सम्मेलन से लाभ मिला है। यूक्रेन युद्ध और पश्चिमी प्रतिबंधों के बीच भी भारत ने मास्को से अपने संबंधों को बनाए रखा है। ब्रिक्स ने रूस को यह मंच दिया है कि वह पश्चिमी दबाव के बावजूद अपने लिए वैकल्पिक वैश्विक साझेदारियां तलाश सके। भारत के लिए इसका अर्थ है कि रूस के साथ ऊर्जा, रक्षा और रणनीतिक संबंध बनाए रखते हुए वह अमेरिकी और यूरोपीय साझेदारी भी जारी रख सकता है। पश्चिम एशिया में भारत की भूमिका भी इस सम्मेलन से मजबूत हुई है। ईरान, यूएई, मिस्र और सऊदी अरब जैसे देशों की मौजूदगी भारत को ऐसे क्षेत्रीय मंच में रखती है जहां उसके ऊर्जा, व्यापार और प्रवासी भारतीयों से जुड़े हित सीधे जुड़े हैं। यदि ब्रिक्स संवाद का मंच बनता है तो भारत अपनी पारंपरिक 'सबके साथ संबंध' वाली नीति को और उपयोगी बना सकता है।

मध्य-पूर्व के मौजूदा संकट पर संयुक्त घोषणा इसी संभावना की ओर संकेत है। अमेरिका और पश्चिम के साथ भारत के संबंधों पर भी इस सम्मेलन का असर होगा, बशर्ते कि यह टकराव के रूप में न देखा जाए। ब्रिक्स ने एकतरफा प्रतिबंधों और संरक्षणवादी व्यापार उपायों की आलोचना की है। इससे वाशिंगटन को असहजता होना स्वाभाविक है। लेकिन भारत ने ब्रिक्स को अमेरिकी-विरोधी मंच नहीं बनने दिया। यही संतुलन आगे भी भारत के लिए जरूरी होगा। भारत अमेरिका से तकनीक, निवेश और रणनीतिक सहयोग चाहता है, जबकि रूस से रक्षा और ऊर्जा संबंध तथा चीन से आर्थिक संबंध पूरी तरह समाप्त नहीं कर सकता। इसलिए भारत की विदेश नीति का मूलमंत्र शायद अब पहले से अधिक स्पष्ट है।

विपक्ष ने हालांकि इस सम्मेलन को लेकर सरकार की उपलब्धियों पर सवाल उठाए हैं कि भारत को इससे ठोस लाभ क्या मिला। विपक्ष का सवाल पूरी तरह ख़ारिज नहीं किया जा सकता। किसी भी लोकतांत्रिक सरकार से यह पूछना उचित है कि अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को आर्थिक, रणनीतिक और राष्ट्रीय हितों में कितनी ठोस उपलब्धि में बदला गया। दूसरी ओर, केवल इसलिए सम्मेलन को असफल कहना भी उचित नहीं कि कोई एक बड़ा आर्थिक समझौता तत्काल सामने नहीं आया। वास्तविक निष्कर्ष इससे बीच में निकलता है। भारत ने ब्रिक्स के उद्देश्यों- बहुध्रुवीय विश्व, वैश्विक दक्षिण की आवाज, संस्थागत सुधार, आर्थिक सहयोग और विकासशील देशों के हित- को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण राजनीतिक सफलता हासिल की है। लेकिन इन उद्देश्यों को स्थायी उपलब्धियों में बदलने की यात्रा अभी शुरू हुई है। सम्मेलन ने दिशा दी है, मंजिल नहीं।

## हिंदी दिवस

दीप सारस्वत



# दिनकर की हुंकार से कुमार विश्वास की वाणी तक : हिंदी के गौरव की अनवरत यात्रा

किसी राष्ट्र की पहचान केवल उसकी सीमाओं, इतिहास और भूगोल से नहीं बनती, उसकी भाषा और साहित्य भी उसके व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं। भाषा वह धरोहर है, जिसमें एक सभ्यता अपनी स्मृतियां संजोती है, अपने संस्कारों को पीढ़ियों तक पहुंचाती है और अपने भविष्य के स्वप्नों को शब्द देती है। भारत की साहित्यिक चेतना ने समय-समय पर शब्दों को केवल अभिव्यक्ति नहीं रहने दिया, बल्कि उन्हें राष्ट्र की आत्मा बना दिया। 'बंकिमचंद्र चटर्जी' की लेखनी से निकला 'वंदे मातरम्' केवल गीत नहीं रहा, वह भारत माता के प्रति समर्पण और स्वतंत्रता की चेतना का उद्घोष बन गया। वहीं 'गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर' ने 'जन गण मन' के माध्यम से भारत की विविधता में बसने वाली एकता और राष्ट्र के प्रति सामूहिक श्रद्धा को स्वर दिया। उनके शब्दों में केवल राष्ट्रगान की गरिमा नहीं, बल्कि उस भारत की आत्मा भी है, जिसमें अनेक भाषाएं, संस्कृतियां और आस्थाएं मिलकर एक राष्ट्र का निर्माण करती हैं। यही भारत की सबसे बड़ी शक्ति रही है-यहां साहित्य ने केवल समाज का चित्रण नहीं किया, बल्कि समय आने पर समाज और राष्ट्र की चेतना को दिशा भी दी। इसी विराट भारतीय साहित्यिक परंपरा में हिंदी एक ऐसी सशक्त धारा है, जिसने जनमानस के प्रेम, पीड़ा, संघर्ष, भक्ति और स्वाभिमान को अपनी अभिव्यक्ति दी। हिंदी की यात्रा को कुछ नामों में समेटना संभव नहीं, फिर भी हर युग में कुछ ऐसे रचनाकार हुए, जिन्होंने उसे अपने समय की चेतना से जोड़ा।

'कबीर' ने अपनी निर्भीक वाणी से समाज की जड़ताओं को चुनौती दी। 'गोस्वामी तुलसीदास' ने लोकभाषा में भारतीय जीवन और आस्था को ऐसा स्वर दिया, जो आज भी जनमानस में जीवित है। 'हरिवंश राय बच्चन' ने आधुनिक मनुष्य की संवेदनाओं को कविता में उतारा और 'राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर' ने हिंदी को वह ओज दिया, जिसमें राष्ट्र का स्वाभिमान, संघर्ष और चेतना एक साथ दिखाई देते हैं।'इसी साहित्यिक परंपरा को छत्तीसगढ़ की माटी ने भी अपने विशिष्ट स्वरों से समृद्ध किया है। छत्तीसगढ़ राज्य गीत के रचयिता डॉ. नरेंद्र देव वर्मा ने अपनी लेखनी से प्रदेश की अस्मिता, संस्कृति और स्वाभिमान को शब्द दिए, वहीं पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे ने अपनी विशिष्ट साहित्यिक प्रतिभा और हास्य-व्यंग्य के माध्यम से छत्तीसगढ़ का नाम पूरे देश में गौरवान्वित किया।'

इन रचनाकारों की महानता केवल उनकी रचनाओं में नहीं थी, बल्कि इस बात में भी थी कि उन्होंने अपने समय को अपनी भाषा में बोलना सिखाया। समय बदलता गया और हिंदी के सामने चुनौतियां भी बदलती रहीं। कभी उसे साहित्यिक प्रतिष्ठा दिलाने का संघर्ष था, कभी जनमानस तक पहुंचने का प्रयास और कभी राष्ट्र की चेतना को स्वर देने का दायित्व। आज चुनौती कुछ अलग है। तकनीक, संचार और बदलती जीवनशैली के इस दौर में भाषा को अपनी जड़ों से जुड़े रहते हुए नई पीढ़ी के मन और समय से संवाद करना है। यहीं आधुनिक हिंदी कविता के एक महत्वपूर्ण स्वर के रूप में 'डॉ. कुमार विश्वास' का नाम विशेष रूप से सामने आता है। कुमार विश्वास का महत्व केवल उनकी लोकप्रियता में नहीं, बल्कि उस समय की आवश्यकता में है, जिसमें उन्होंने कविता को अपनी वाणी दी। यह वह दौर था, जब अभिव्यक्ति के माध्यम बदल रहे थे, जीवन की गति तेज हो रही थी और कविता के प्रति नई पीढ़ी का संबंध भी बदल रहा था। ऐसे समय में उन्होंने कविता को केवल सुनाने का माध्यम नहीं बनाया, बल्कि उसे श्रोता के साथ जीवंत संवाद में बदल दिया। उनकी वाणी में साहित्य की गंभीरता है, लेकिन वह बोझिल नहीं होती। उनकी कविता में प्रेम है, विरह है, जीवन के प्रश्न हैं, समाज की चिंता है और राष्ट्र के प्रति आत्मीय भाव भी है। यही बहुआयामी स्वर उन्हें केवल एक लोकप्रिय मंचीय कवि की सीमा से आगे ले जाता है। कुमार विश्वास ने कविता और सामान्य जन के बीच खड़ी उस दूरी को कम किया, जो समय के साथ बढ़ती जा रही थी। उन्होंने कविता को इस तरह प्रस्तुत किया कि साहित्य से दूर व्यक्ति भी उसके भावों में स्वयं को खोज सके। उनके मंच पर बैठा युवा जब कविता में अपने प्रेम, अपनी पीड़ा, अपने संघर्ष या अपने देश के प्रति गर्व को महसूस करता है, तब हिंदी उसके लिए केवल एक भाषा या पाठ्यक्रम का विषय नहीं रहती-वह उसकी अपनी अभिव्यक्ति बन जाती है।

'यही कुमार विश्वास का सबसे महत्वपूर्ण योगदान है-उन्होंने हिंदी कविता को समझने से पहले महसूस करने का अवसर दिया।' उनकी साहित्यिक यात्रा ने आधुनिक समय के एक महत्वपूर्ण प्रश्न का उत्तर भी दिया-क्या आधुनिकता और अपनी भाषा साथ-साथ चल सकती हैं? कुमार विश्वास की वाणी इसका सहज उत्तर देती है। आधुनिक होना अपनी भाषा से दूर होना नहीं है। दूसरी भाषाओं का ज्ञान हमारी क्षमता को बढ़ाता है, लेकिन अपनी भाषा में सोचने, महसूस करने और स्वयं को अभिव्यक्त करने की स्वतंत्रता हमारी सांस्कृतिक शक्ति है। यही कारण है कि कुमार विश्वास की लोकप्रियता को केवल मंचों पर जुटने वाली भीड़ से नहीं समझा जा सकता। उसका वास्तविक अर्थ उस विश्वास में है, जो उन्होंने हिंदी कविता के प्रति एक नई पीढ़ी के भीतर जगाया।

## हमारी जीवन-ऊर्जा बाहर की तरफ यात्रा कर रही



संकलित

दर्शन

हम दीपावली अमावस की रात को मनाते हैं! दीयों की पंक्तियां बाहर जला लेते हैं, पर दीये तो भीतर नहीं जा सकते। भीतर की अमावस तो अमावस ही रहेगी। धोखे छोड़ो! इसे स्वीकार करो कि तुम बुझे हुए दीपक हो। अपने ही कारण तुम बुझे हुए हो। अपने ही कारण भीतर प्रकाश नहीं जागा। कहां चूक हो गई है? वस्तुतः हमारी सारी जीवन-ऊर्जा बाहर की तरफ यात्रा कर रही है। इस बहिर्यात्रा में ही हम भीतर अंधेरे में पड़े हैं। यह ऊर्जा भीतर की तरफ लौटे तो यही ऊर्जा प्रकाश बनेगी। तुम्हारा सारा प्रकाश बाहर पड़ रहा है। सबको देख लेते हो, अपने प्रति अंधे रह जाते हो। जिसने स्वयं को न देखा, उसने कुछ भी न देखा। तुम्हारे भीतर का दीया कैसे जले, सच्ची दीपावली कैसे पैदा हो? उसके सूत्र हैं बड़े मधु-भरे! पीओगे तो जी उठोगे। ध्यान धरोगे इन पर, संभल जाओगे। डुबकी मारोगे इनमें, तो तुम जैसे हो वैसे मिट जाओगे और तुम्हें जैसा होना चाहिए, वैसे ही प्रकट हो जाओगे। सूत्र यह है कि जिस प्रकाश को तुम खोज रहे हो, वह तुम्हारे भीतर बैठा है। तुम्हारी खोज के कारण ही तुम उसे नहीं पा रहे हो। तुम दौड़े जाते हो। थकते हो, गिरते हो। जिसे तुम खोजने चले हो, उस मालिक ने तुम्हारे घर में बसेरा किया हुआ है। तुम जिसे खोजने चले हो, वह अतिथि नहीं है, आतिथेय है। खोजने वाले में ही छिपा है। वह जो गंतव्य है, कहीं दूर नहीं, कहीं भिन्न नहीं, गंता की आंतरिक अवस्था है। अगर उसे देखना हो, उसके प्रति चैतन्य से भरना हो तो आंखें उलटाना सीखना पड़ेगा।

## बिना चिंतन के कीर्तन का कोई लाभ नहीं




संकलित

प्रेरणा

राजा के मन में आया कि अगर मैं भी भागवत की कथा सुन लूं तो मेरा भी कल्याण हो जाएगा। राजा ने एक पण्डित जी से बात की। पंडित जी भागवत सुनाने के लिए तैयार हो गए। निश्चित समय पर भागवत-कथा आरंभ हुई। सात दिन बीतने पर कथा समाप्त हुई। दूसरे दिन राजा ने पण्डितजी को बुलाया और कहा- पंडित जी ! न तो आपने भागवत सुनाने में कोई कमी रखी, न मैंने सुनने में कोई कमी रखी, फिर भागवत सुनने पर कोई फर्क तो नहीं पड़ा, बात क्या है? पण्डित जी ने कहा- महाराज! इसका उत्तर तो मेरे गुरु जी ही दे सकते हैं। राजा ने कहा- आप अपने गुरुजी को आदरपूर्वक मेरे यहां ले आएं, हम उनसे पूछेंगे। राजा ने अपनी शंका गुरु जी के सामने रखी कि, भागवत सुनने पर भी मेरा कल्याण क्यों नहीं हुआ? गुरूजी ने राजा से कहा कि थोड़ी देर के लिए मुझे अपना अधिकार दे दो। राजा ने उनकी बात स्वीकार कर ली। गुरु जी ने आदेश दिया कि राजा और पंडित जी दोनों को बांध दो। राजपुरुषों ने दोनों को बांध दिया। अब गुरूजी ने पण्डित जी से कहा कि, तुम राजा को खोल दो। और राजा से कहा- तुम पंडित जी को खोल दो। दोनों ने उत्तर दिया की हम बंधे है कैसे एक दूसरे को खोल सकते हैं। गुरु जी ने कहा- महाराज! मैंने आपके प्रश्न का उत्तर दे दिया! राजा ने कहा- मैं समझा नहीं! गुरु जी बोले- जैसे खुद बंधा हुआ आदमी दूसरे को बंधन-मुक्त नहीं कर सकता है, वैसे ही स्वयं ज्ञान को अपने अनुभव में उतारे बिना कोई दूसरे का कल्याण कैसे कर सकता है? अर्थात नहीं कर सकता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बेरोजगार युवा कीमती समय बर्बाद न करें

शिक्षा का मकसद केवल अफसर या बाबू बनने का सपना ही नहीं होना चाहिए। शिक्षा का मकसद विद्यार्थियों को हर उस काम के लिए तैयार करना भी होना चाहिए जिससे वो किसी भी काम को छोटा समझकर अपने रोजगार के अवसर को ठुकरा न दें और बाबू या अफसर बनने के चक्कर में अपना कीमती समय बर्बाद न कर दें। इसमें कोई बुरी बात नहीं है कि बड़े बड़े सपने न देखे जाएं। हर मां-बाप और विद्यार्थियों का सपना होता है कि उच्च शिक्षा और इस पर भारी खर्च करके कोई उच्च कोटि की नौकरी मिल जाए, लेकिन जिस तरह हमारे देश में पढ़े-लिखे युवाओं की संख्या बढ़ती जा रही है और बेरोजगारी की लाइन लंबी होती जा रही है, उसके लिए जरूरी हो गया है कि युवा रोजगार का कोई भी मौका हाथ से न जाने दें।

- चंद्रकांत वर्मा, सरायपाली

## ट्रेंड

### ओजस्वी ज्ञान



जिस ओजस्वी ज्ञान ने पूरे विश्व का मार्गदर्शन किया, उसे समाप्त करने के उद्देश्य से नालंदा विश्वविद्यालय के पुस्तकालय को जलाया जा सकता है, मगर लोगों की स्मृति में बसे ज्ञान को कोई समाप्त नहीं कर सकता।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### शिक्षा सिस्टम



भारत का शिक्षा सिस्टम उसी पीढ़ी को निराश कर रहा है जिसे उसे आगे बढ़ाना था। पेपर लीक होना, बहुत ज्यादा फीस और खस्ताहाल इंफ्रास्ट्रक्चर। लाखों युवा भारतीय ईमानदारी से काम करते हैं, फिर भी सिस्टम उन्हें निराश करता है।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### 'गोवा फर्स्ट' गठबंधन



बीजेपी का वोटर कभी कांग्रेस को वोट नहीं दे सकता। वे हमारे 'गोवा फर्स्ट' गठबंधन को वोट दे सकते हैं, लेकिन चाहे वे बीजेपी से कितने भी निराश या नाराज क्यों न हों, वे कभी कांग्रेस को वोट नहीं देंगे। वे कांग्रेस से नफरत करते हैं।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### वैश्विक शांति



असली शांति एक बच्चे की निडर मुस्कान है जिसकी आंखों में सपने हों, दिल में कोई सीमा न हो, हाथों में किताबें हों और कदम किसी भी लक्ष्य तक पहुंचने के लिए आजाद हों। हम दुनिया में दया-भाव के बिना वैश्विक शांति हासिल नहीं कर सकते।

-कैलाश सत्यार्थी, बाल अधिकार कार्यकर्ता

## करंट अफेयर

### नेपाल में बचाव दल ने की 70 मीटर तक सुरंग साफ



नेपाल में 26 अगस्त को अचानक आई बाढ़ की वजह से चिलीमे जलविद्युत परियोजना की सुरंग में फंसे कर्मियों को बचाने की कोशिश कर रहे भारतीय-नेपाली दल 70 मीटर तक का मलबा हटा चुके हैं और माना जा रहा है छह कर्मचारी वहां फंसे हुए हैं। नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने शनिवार को बताया कि सुरंग में जारी बचाव कार्य में मिट्टी खोदने वाली मशीन और मलबा उठाने वाली मशीन की मदद ली जा रही है जिससे अभियान को गति मिली है। उन्होंने कहा कि तकनीकी टीम ने लगभग 70 मीटर और रास्ता साफ किया है। परियोजना प्रबंधक के मुताबिक, जलविद्युत केंद्र सुरंग में और 60 मीटर की गहराई में है।

## ऑफ बीट

### तापमान दो डिग्री बढ़ने से डूब जाएंगे 1500 तटीय क्षेत्र



दुनिया की अधिकतर प्राकृतिक तटरेखा जीवित रिहायशों द्वारा संरक्षित है, विशेष रूप से गर्म पानी में मैंग्रोव और ध्रुवों के करीब ज्वारीय दलदल। ये पारिस्थितिकी तंत्र मत्स्य पालन और वन्य जीवन की सहायता करते हैं, टकराती लहरों के प्रभाव को अवशोषित करते हैं और प्रदूषकों को साफ करते हैं। लेकिन, इन महत्वपूर्ण सेवाओं को वैश्विक तापमान में लगातार हो रही वृद्धि और समुद्र के बढ़ते हुए जल स्तर से खतरा है। हमने पाया कि अधिकतर ज्वारीय दलदल और मैंग्रोव समुद्र स्तर की वर्तमान दर, लगभग 2-4 मिमी प्रति वर्ष, के साथ तालमेल बनाए हुए हैं। इन परिस्थितियों में प्रवाल द्वीप भी स्थिर दिखाई देते हैं।

## संक्षेप

### चंद्रशेखर आजाद के काफिला रोके जाने के विरोद में प्रदर्शन

**भीम आर्मी ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा, कार्रवाई की मांग की**

अमेठी , भीम आर्मी भारत एकता मिशन ने गोंडा के बर्तन कारोबारी विनोद कुमार साहनी हत्याकांड के पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे सांसद चंद्रशेखर आजाद के काफिले को रोके जाने के मामले में कार्रवाई की मांग की है। संगठन ने पुलिस पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है। भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष ऋषि कुमार गौतम के नेतृत्व में कार्यकताओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से उत्तर प्रदेश के राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। इसमें पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषी पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। 'पुलिस ने काफिले को रोका और दुर्व्यवहार किया' ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि सांसद चंद्रशेखर आजाद अपने समर्थकों के साथ विनोद कुमार साहनी के पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे थे। इसी दौरान पुलिस प्रशासन ने उनके काफिले को रोक दिया। संगठन का आरोप है कि काफिले के साथ पुलिसकर्मियों ने दुर्व्यवहार किया। इसके अलावा ज्ञापन में कुछ लोगों पर काफिले पर हमला करने का भी आरोप लगाया गया है। भीम आर्मी ने घटना को गंभीर बताते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है ।जनप्रतिनिधि को सम्मान देने की मांगभीम आर्मी ने ज्ञापन में कहा कि किसी भी हत्या के मामले में पीड़ित परिवार को न्याय मिलना चाहिए। संगठन के मुताबिक, सांसद और जनप्रतिनिधि के तौर पर चंद्रशेखर आजाद पीड़ितों की आवाज उठाने के लिए उनके परिवार से मिलने जा रहे थेसंगठन ने कहा कि ऐसे मामलों में जनप्रतिनिधियों के साथ संवैधानिक और लोकतांत्रिक मयार्दाओं के अनुसार व्यवहार किया जाना चाहिए ।तय समय में जांच और कार्रवाई की मांगज्ञापन के जरिए मांग की गई कि पूरे मामले की जांच तय समय सीमा में पूरी कराई जाए। जांच में जो अधिकारी या कर्मचारी दोषी पाए जाएं, उनके खिलाफ जल्द कार्रवाई की जाए। संगठन ने कार्रवाई की जानकारी सार्वजनिक करने की भी मांग की है। इसके अलावा सांसद चंद्रशेखर आजाद की सुरक्षा सुनिश्चित करने और भविष्य में उनकी जनसुनवाई या जनसंपर्क के दौरान उन्हें बिना उचित कारण रोकने अथवा दुर्व्यवहार न करने के लिए स्पष्ट निर्देश जारी करने की मांग की गई।

### पुश्तैनी जमीन पर इंटरलॉकिंग, पीड़ित ने उप जिलाधिकारी से की शिकायत

**अमेठी में ग्राम प्रधान के प्रतिनिधि पर आरोप, घर की नींव तोड़कर बनाया रास्ता**

अमेठी , गुड़री में एक व्यक्ति ने अपनी पुश्तैनी आबादी की जमीन पर जबरन इंटरलॉकिंग कराने का आरोप लगाया है। पीड़ित कपिल ने इस मामले में उप जिलाधिकारी अमेठी पंकज मिश्रा को शिकायत पत्र सौंपा है। उन्होंने इंटरलॉकिंग हटाने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। कपिल का आरोप है कि ग्राम सभा गुड़री में उनके पुश्तैनी मकान की नींव तोड़कर इंटरलॉकिंग कराई जा रही है। यह काम उनके घर के सामने दो बिजली के खंभों के बीच हो रहा है।

# एफएलएन एवं एनसीईआरटी पुस्तक आधारित पाँच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण शुरू

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ( डायट ) के प्राचार्य एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बहराइच व खंड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज राधेश्याम वर्मा के निर्देश पर ब्लॉक संसाधन केंद्र ( बीआरसी ) बाबागंज में बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों का एफएलएन एवं एनसीईआरटी पुस्तक आधारित पाँच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण के पंचम चरण का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी राधेश्याम वर्मा के निर्देशन में किया गया।

इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी राधेश्याम वर्मा ने कहा कि बच्चों की बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक दक्षता को मजबूत करना राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रमुख उद्देश्यों में शामिल है। इसके लिए सभी शिक्षक प्रशिक्षण को पूरी तन्मयता एवं गंभीरता से प्राप्त करें तथा प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान एवं शिक्षण रणनीतियों का प्रभावी उपयोग विद्यालयों में करें, जिससे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी शिक्षा प्रदान की जा सके।

उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत सभी शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों को प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को ऋछठ की अवधारणा, भाषा एवं गणित की आधारभूत दक्षताओं, ठउएफळ की नवीन पाठ्यपुस्तकों तथा उनके अनुरूप प्रभावी शिक्षण-अधिगम की रणनीतियों से अवगत कराया जा रहा है। प्रत्येक शिफ्ट में 100 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है प्रशिक्षण की गुणवत्ता एवं प्रभावशीलता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में संदर्भदाता शैलेन्द्र कुमार, विमल अग्निहोत्री, अभिषेक कुमार मौर्या, जितेंद्र बहादुर पटेल अब्दुल कदीर, द्वारा विभिन्न विषयों एवं गतिविधियों पर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को गतिविधि आधारित, बाल-केंद्रित एवं आनंददायी शिक्षण पद्धतियों के माध्यम से बच्चों की सीखने की क्षमता को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस अवसर पर लैंग्वेज लर्निंग फाउंडेशन टीम के ब्लॉक समन्वयक संदीप सोनकर, तकनीकी सहायक राजू खान, फिरोज, सहित समस्त प्रतिभागी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों ने विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया तथा प्रभावी शिक्षण के लिए उपयोगी रणनीतियों पर चर्चा की।

# निपुण ब्लॉक बनाने की रणनीति पर शिक्षक संकुल तैयारी बैठक में हुआ मंथन

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। ब्लॉक संसाधन केंद्र कैसरगंज के तत्वावधान में सोमवार, 14 सितंबर को शिक्षक संकुल तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र बहादुर चौधरी ने की। इसमें कैसरगंज ब्लॉक की सभी 10 न्याय पंचायतों के शिक्षक संकुलों ने प्रतिभाग किया।

बैठक में विद्यालयों के साथ-साथ पूरे ब्लॉक को निपुण बनाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बच्चों के शैक्षिक स्तर में सुधार, विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक वातावरण तथा निपुण लक्ष्य हासिल करने के लिए शिक्षक संकुलों की भूमिका पर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक का संचालन एआरपी विज्ञान रसाल रघुवंशी और एआरपी अंग्रेजी क्षमा सिंह ने किया। वहीं




LLF की ओर से सूबिया एवं देशराज ने सहयोग प्रदान किया।अधिकारियों एवं शिक्षकों ने निपुण ब्लॉक के लक्ष्य को हासिल करने के लिए आपसी समन्वय और प्रभावी कार्ययोजना पर जोर दिया। बैठक में पंकज मिश्रा, आशीष रत्न, प्रकाश श्रीवास्तव, इंद्र मोहन, सुधीर कुमार, उमेश पाण्डेय, अल्पना भदौरिया, भागवत, रामानंद, फजील, सत्य प्रकाश, विजय मौर्या, दुर्गेंद्र सिंह, शबीह अहमद, अनिल सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे

# रामसहाय पुरवा में वन विभाग के पिंजरे में कैद हुआ 14 वां तेंदुआ

**कतर्नियाघाट में लगातार कैद हो रहे तेंदुए, फिर भी हो रहे हमले**

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग क्षेत्र में जहां लगातार वन्यजीवों के हमले हो रहे हैं प्रत्येक दिन कोई ना कोई युवा बुजुर्ग बच्चे घायल हो रहे हैं। वही वन विभाग हमलों को रोकने के लिए युद्ध स्तर पर पिंजरे लगाकर तेंदुओं को पकड़ने का भी काम कर रहा है ।विगत दो महीने में वन विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर लगाए गए पिंजरे में 14 तेंदुए कैद हो चुके हैं फिर भी दहशत बरकरार है हमलों का सिलसिला जारी है। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के रेंज का ककरहा के अंतर्गत गोपिया राम सहायपुरवा में एक महीने से तेंदुए की चहल कदमी से लोग दहशत में थे कई लोगों पर तेंदुआ हमला भी कर चुका था वन विभाग ने रामसहाय पुरवा में पिंजरा लगाया था जिसमें पिछले महीने मादा तेंदुआ कैद हुई थी। वही दूसरा पिंजरा भी उसी के आसपास ग्रामीणों की मांग पर वन विभाग ने लगाया था सोमवार सुबह तड़के वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में एक तेंदुआ कैद हो गया ।वन विभाग की टीम पिंजरे सहित तेंदुए को रेंज कार्यालय लाई जहां पर उसका परीक्षण पशु चिकित्सक डॉ दीपक द्वारा किया गया ।प्रशिक्षण के दौरान तेंदुआ स्वस्थ पाया गया चिकित्सकों के मुताबिक तेंदुए का वजन 50 किलोग्राम है और उसकी उम्र 7 वर्ष है तेंदुआ नर है तथा पूर्णता स्वस्थ है। डीएफओ अपूर्व दीक्षित ने बताया कि पिंजरे में कैद हुआ है तेंदुआ नर है और पूर्णता स्वस्थ है उच्च अधिकारियों के निर्देशन के बाद उसे प्राकृतिक वास में छोड़ा जाएगा ।उन्होंने ग्रामीणों से सतर्क रहने को कहा है।

# शिक्षक वेलफेयर द्वारा मण्डल में राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक-शिक्षिकाओं को किया सम्मानित

**कार्यक्रम का आयोजन एवं संयोजन राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक बलदेव प्रसाद पाण्डेय ने किया**

अमन लेखनी समाचार



बहराइचः स्कूली शिक्षा और शिक्षा व्यवस्था कों अपनें कौशल और ज्ञान से छात्रों कों प्रारंभिक कक्षाओं में बौद्धिक, शारीरिक और नैतिक विकास पर निष्ठापूर्वक ध्यान आकर्षित करते हुए अच्छे विद्यार्थियों और कर्तव्यनिष्ठ नागरिकों की भावी पीढ़ियां तैयार कर रहे परिषदीय स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों कों उनके परिश्रम और कार्यों कों देखते हुए विगत 5 सितम्बर 2026 कों राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उसी परिपेक्ष में देवी पाटन मंडल क्षेत्र अंतर्गत पुरस्कृत शिक्षकों कों कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया गया।

आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि जयेन्द्र विक्रम सिंह ( राजा साहब ) एवं आनन्द मोहन मिश्र जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बहराइच की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित हुआ ।कार्यक्रम में पुरस्कृत शिक्षक प्रीति मिश्रा पीएम श्री उच्च प्रा० वि० बेलवा पदुम पयागपुर, बहराइच, अमिता टण्डन प्रा0वि0 राजापुर रानी, हरिहरपुर श्रावस्ती, सलमा खान कम्पोजिट विद्यालय आदर्श नगर बलरामपुर, सुनीत मित्र पाण्डेय प्रा0वि0 गोकुला नवाबगंज, गोंडा को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि एवं सभाध्यक्ष के द्वारा श्री रामचरित मानस पुस्तक, स्मृतिचिन्ह, प्रमाण पत्र एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जूनियर शिक्षक संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राधाकृष्ण पाठक व संचालन पुरस्कृत शिक्षक वेलफेयर सोसाइटी उत्तर प्रदेश बहराइच जिला अध्यक्ष कृष्ण मोहन शुक्ल नें किया। इस अवसर पर मुनव्वर मिर्जा, पूरन लाल चौधरी, बृजेश कुमार तिवारी, आँचल श्रीवास्तव पांडेय, केशवराम, हरिराम यादव, राजेश मिश्र, राम कुमार पांडेय, शरद कुमार सहित पुरस्कृत शिक्षक वेलफेयर सोसाइटी के मंडल और जनपद के अधिकांश पदाधिकारी सहित काफी संख्या में सम्मानित शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# एसकेएस कालेज सबलापुर में गणपति बप्पा की स्थापना, विधि-विधान से हुई पूजा-अर्चना

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। डॉ. सर्वेश कुमार शुक्ला ग्रुप आफ इंस्टीट्यूटशंस सबलापुर के नर्सिंग विभाग में सोमवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर गणपति बप्पा की प्रतिमा स्थापित की गई। इस दौरान संस्थान परिसर भक्तिमय माहौल से गूंज उठा। प्रशासनिक प्रबंधक विनोद त्रिपाठी, नर्सिंग प्राचार्या डॉ. के. रोजा रानी, एसोसिएट प्रोफेसर संगीता पाल तथा एकाउंट मैनेजर नीलेश तिवारी ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान गणेश का आशीर्वाद लिया। पूजा के दौरान भगवान गणेश को पुष्प, फल, मिष्ठान और मोदक अर्पित किए गए। श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा से संस्थान की उन्नति, विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और सभी के सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में नर्सिंग विभाग के फैकल्टी सदस्यों के साथ छात्र-छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# बूढ़ेश्वरनाथ शिव मंदिर में उमड़ा , आस्था का सैलाब, भारी पुलिस बल मौजूद

**भगवान शिव के जयकारों से गूंजायमान रहा परिवेश**

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। बीते सोमवार को कजरी तीज के पावन अवसर पर देशभर के शिवालयों में जहाँ भगवान शिव व शक्ति स्वरूपा माता पार्वती की पूजा अर्चना हेतु श्रद्धालुओं के आस्था का सैलाब उमडा हुआ है ।तो वहीं जिले के खैरीघाट थाना अंतर्गत चौकी वैवाही क्षेत्र के रामपुर धोबिया हार के महादेवा स्थित बाबा बूढ़ेश्वरनाथ शिव मंदिर में जनपद सहित प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालुओं का भारी संख्या में आगमन हुआ। जिन्होंने जलाभिषेक व पूजन अर्चन कर अपने मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए भगवान शिव की आराधना की। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत खैरीघाट प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह ने स्वयं मंदिर परिसर में सुरक्षा का जायजा लिया। थानाध्यक्ष के नेतृत्व में भारी संख्या में मंदिर परिसर में पुलिस बल तैनात रहा। चौकी प्रभारी वैवाही शशि प्रताप सिंह ने बताया कि मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षा के ब्यापक इंतजाम किए गए हैं तथा थानाध्यक्ष के नेतृत्व में भारी पुलिस बल मंदिर परिसर में तैनात है जिससे कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा व उनका सहयोग सुनिश्चित करवाया जा सके।

# एएमयू में छात्राओं का हंगामा, धक्का-मुक्की में प्रॉक्टर गिरे

**लड़कियां चिल्लाकर बोलीं- खाने में कीड़े निकलते हैं, अब बर्दाश्त नहीं करेंगे**

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़ , अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) में सोमवार सुबह 100 से ज्यादा छात्राएं सड़क पर उतर आईं। हॉस्टल में खराब खाना मिलने का आरोप लगाकर नारेबाजी करने लगीं। इसका पता चलते ही प्रॉक्टोरियल टीम पहुंच गई। उनकी छात्राओं से पहले कहासुनी, फिर झड़प और आखिर में धक्का-मुक्की हो गई। इस दौरान डिप्टी प्रॉक्टर जमीन पर गिर पड़े। हंगामा बढ़ता देख प्रॉक्टोरियल टीम ने पुलिस को बुलाया। पुलिस ने ह्यूमन चेन बनाकर छात्राओं और प्रॉक्टोरियल टीम को अलग किया। इसके बाद छात्राओं को समझाया। 4 घंटे तक हंगामा चलता रहा। मामला यूनिवर्सिटी के अब्दुल्लाह हॉल का है। छात्राओं का आरोप है कि उनके साथ प्रॉक्टोरियल टीम ने मारपीट की और बदसलूकी की। मामले की निष्पक्ष जांच हो और जिम्मेदार लोगों पर एक्शन होना चाहिए। छात्राओं ने चिल्ला-चिल्लाकर कहा- हम लोगों को लगातार खराब खाना दिया जा रहा है। खाने में कीड़े निकलते हैं। अब बर्दाश्त नहीं करेंगे। जब भी शिकायत की गई, हमेशा बैठक कर मामला हल करने का आश्वासन दिया गया। अब तक 4 मीटिंग हो चुकी हैं। अभी तक कोई हल नहीं निकला। इसके चलते सड़क पर उतरना पड़ा।

### छात्राएं बोलीं– शिकायत पर एक्शन की चेतावनी दी

अब्दुल्लाह हॉल में रहने वाली छात्राओं का कहना है कि हम सोमवार सुबह 7 बजे अपनी शिकायत लेकर यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट के पास पहुंचे। उनसे कहा कि हमें लगातार खराब खाना दिया जा रहा है। प्रबंधन ने हमारी बात नहीं सुनी, उल्टा हम लोगों पर एक्शन की चेतावनी दी। कहा- यहां से जाओ, वरना सभी लोगों के खिलाफ कार्रवाई होगी। इसके बाद हम लोगों ने नारेबाजी शुरू कर दी। इसी बीच प्रॉक्टोरियल टीम पहुंच गई। बातचीत के दौरान विवाद बढ़ गया। टीम ने हम लोगों के साथ धक्का-मुक्की की। पुरुषों ने हम लोगों के साथ अभद्रता की। इसके बाद यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट ने पुलिस को बुला लिया।

### प्रॉक्टर बोले– खाने में सुधार की प्रक्रिया भी चल रही

प्रॉक्टर प्रो. नावेद खान ने बताया कि खाने की गुणवत्ता को लेकर 10 दिनों में छात्राओं के साथ 3-4 बैठकें हो चुकी हैं।

# चंद्रशेखर से दुर्व्यवहार और विनोद हत्याकांड के विरोध में प्रदर्शन

**10 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन, दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग**

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर, नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद से दुर्व्यवहार, उनके काफिले पर हमले और विनोद साहनी हत्याकांड के विरोध में भीम आर्मी ने सोमवार दोपहर करीब 3 बजे कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। इस दौरान सरकार के विरोध में आपत्तिजनक नारे लगाए गए, जिसका वीडियो भी सामने आया है। प्रदर्शन के बाद जिला संयोजक शिवम कुमार जोशवा के नेतृत्व में राज्यपाल को संबोधित 10 सूत्रीय ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा गया।

### दोनों मामलों की उच्चस्तरीय जांच की मांग

ज्ञापन में विनोद कुमार साहनी हत्याकांड और मामले में पुलिस-प्रशासन की भूमिका की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की गई। साथ ही चंद्रशेखर आजाद को रोके जाने और उनके साथ कथित अभद्र व्यवहार की स्वतंत्र जांच की मांग भी की गई। भीम आर्मी ने घटना के समय मौजूद पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की पहचान कर उनकी भूमिका की जांच करने की मांग की। काफिले से जुड़े फुटेज, वीडियो रिकॉर्डिंग, पुलिस वायरलेस संदेश और ड्यूटी चार्ट समेत अन्य साक्ष्यों को सुरक्षित रखने की मांग की गई है। दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांगज्ञापन में काफिले पर हमले से जुड़े आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेजने की मांग की गई। संगठन ने कहा कि यदि किसी पुलिस अधिकारी या कर्मचारी द्वारा अभद्रता या नियमों का उल्लंघन पाया जाता है।

# डूबने से किशोर की मौत

**घंटों मशक्कत के बाद निकाला गया शव, साथी के साथ करेमुआ का साग तोड़ने गया था**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ ,अंतू थाना क्षेत्र में एक तालाब में डूबने से 15 साल के किशोर की मौत हो गई। यह हादसा सोमवार दोपहर करीब 11 बजे गड़वारा बाजार के राजापुर वार्ड स्थित तालाब में हुआ। घंटों की मशक्कत के बाद किशोर का शव तालाब से बाहर निकाला जा सका। जानकारी के अनुसार, डंडवा वार्ड निवासी 15 वर्षीय आलोक कुमार अपने ननिहाल मदाफरपुर आया हुआ था। सोमवार को वह अपने एक साथी के साथ करेमुआ का साग तोड़ने के लिए राजापुर वार्ड के तालाब की ओर गया था। किशोर की तलाश शुरू की गई बताया जा रहा है कि साग तोड़ने के दौरान अचानक आलोक का पैर फिसल गया और वह तालाब के गहरे पानी में चला गया। गहरे पानी में जाने के बाद वह तालाब में मौजूद जलकुंभियों में फंस गया और डूब गया। उसके साथी ने शोर मचाकर आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए और किशोर की तलाश शुरू की गई। स्थानीय लोगों ने काफी देर तक तालाब में तलाश की। घंटों की मशक्कत के बाद आलोक का शव पानी से बाहर निकाला जा सका। हादसे की सूचना मिलते ही अंतू पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई के लिए अस्पताल भेज दिया।

# माइक्रो फाइनेंस कंपनी से 53.90 लाख की धोखाधड़ी

**138 सदस्यों के फर्जी दस्तावेज तैयार कर गबन का आरोप, सुल्तानपुर से फरार आरोपी गिरफ्तार**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , माइक्रो फाइनेंस कंपनी से 53 लाख 90 हजार रुपए की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने फरार आरोपी को सुल्तानपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान संतोष कुमार यादव (29) निवासी चांदा थाना क्षेत्र, सुल्तानपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे चांदा-कादीपुर रोड पर भीटी गांव के पास से पकड़ा। मामला आशीर्वाद माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड की ढकवा शाखा से जुड़ा है। आरोप है कि 8 मार्च 2025 से 26 जून 2025 के बीच 18 गांवों के 138 सदस्यों के साथ फर्जी दस्तावेजों के जरिए धोखाधड़ी की गई। इस दौरान कुल 53 लाख 90 हजार रुपए के गबन का आरोप लगाया गया है ।मामले में कंपनी के रीजनल मैनेजर ज्ञानेंद्र यादव की शिकायत पर 17 सितंबर 2025 को केस दर्ज किया गया था ।मामले में कंपनी के रीजनल मैनेजर ज्ञानेंद्र यादव की शिकायत पर 17 सितंबर 2025 को केस दर्ज किया गया था।

### 6 लोगों समेत बाहरी दलालों पर दर्ज हुआ था केस

मामले में कंपनी के रीजनल मैनेजर ज्ञानेंद्र यादव की शिकायत पर 17 सितंबर 2025 को केस दर्ज किया गया था। इसमें शाखा प्रबंधक वेद प्रकाश श्रीवास्तव, उप शाखा प्रबंधक कौस्तुभ उपाध्याय, फील्ड स्टाफ सिद्धार्थ यादव, सूरज कुमार सरोज और संतोष कुमार यादव के साथ कुछ बाहरी दलालों को भी आरोपी बनाया गया था।

### फर्जी दस्तावेजों से रकम हड़पने का आरोप

पुलिस के मुताबिक आरोपियों पर माइक्रो फाइनेंस कंपनी से जुड़े सदस्यों के फर्जी दस्तावेज तैयार कर रकम के गबन का आरोप है। मामले में संतोष कुमार यादव फरार चल रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## संक्षेप

### ट्रांसपोर्ट यूनियन ने माइन-मित्रा ऐप न चलने की शिकायत की

**रायबरेली में उपाध्यक्ष मनीष पांडे के नेतृत्व में अधिकारियों से मिलकर समाधान मांगा**

रायबरेली ,ट्रांसपोर्ट यूनियन के पदाधिकारी आज भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग (खनन अनुभाग) परिसर पहुंचे। यूनियन के उपाध्यक्ष मनीष पांडे के नेतृत्व में सदस्यों ने अधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने ट्रांसपोर्टरों और वाहन मालिकों को माइन मित्रा ऐप चलाने में आ रही दिक्कतों पर चर्चा की। मुलाकात के दौरान यूनियन उपाध्यक्ष मनीष पांडे ने बताया कि विभाग का ऐप ठीक से नहीं चल रहा है। इससे ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े लोगों को काफी परेशानी हो रही है। तकनीकी खराबी के कारण काम पर असर पड़ रहा है ।उन्होंने कहा कि इन दिक्कतों को समय पर दूर करने के लिए विभाग का सहयोग जरूरी है। प्रतिनिधिमंडल ने अनुरोध किया कि ट्रांसपोर्टरों के फायदे को ध्यान में रखते हुए प्रक्रियाओं को आसान बनाया जाए।तकनीकी समस्याओं को दूर किया जाएगाअधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल की मांगों को ध्यान से सुना। उन्होंने भरोसा दिलाया कि ऐप से जुड़ी तकनीकी समस्याओं को दूर किया जाएगा। साथ ही, नियमों के हिसाब से दिक्कतों का समाधान भी होगा। अधिकारियों ने ट्रांसपोर्टरों को पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस मौके पर यूनियन के कई और पदाधिकारी और वाहन मालिक भी मौजूद थे।

### हत्यारोपी बोला-पुलिस ने कहा था, मार दो, मैंने मार दिया

रायबरेली ,'वकील को फोन करो, मैंने इसे मार दिया है। थाने में तीन बार शिकायत दी थी। पुलिस ने कहा था नहीं माने तो मार दो, मैंने मार दिया। रायबरेली में प्रधान के बेटे की हत्या के बाद आरोपी का यह बयान सामने आया है। शनिवार को उसने पत्नी के साथ मिलकर प्रधान के बेटे की हत्या कर दी थी। रविवार देर शाम हत्या के तुरंत बाद का वीडियो सामने आया है वीडियो में नजर आ रहा है कि प्रधान के बेटे की खून से लथपथ लाश सड़क पर पड़ी हुई है। आरोपी का कहना है कि प्रधान का बेटा उसकी पत्नी को परेशान करता था। कई बार मना करने के बावजूद वह शनिवार को फिर कार से पत्नी से जबरन मिलने आ गया। उसे वापस जाने के लिए कहा, लेकिन वह नहीं माना। विवाद हुआ और आरोपी ने पत्नी के साथ मिलकर पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी। घटना जिला मुख्यालय से 27 किलोमीटर दूर खैरहनी गांव की है। खैरहनी गांव का रहने वाला सुरेंद्र सेल्समैन का काम करता था। वह पत्नी सोनी और बच्चों के साथ गांव में रहता है। सोनी की सुरेंद्र से यह दूसरी शादी है। सोनी की पहली शादी 2010 में छतैया गांव के अमित से हुई थी। सोनी और अमित के एक बेटा और एक बेटी है ।इसी दौरान, सोनी की मुलाकात प्रधान गणेश प्रसाद के बेटे रमाकांत (35) से हुई। दोनों के बीच अफेयर हो गया। अमित को जब सोनी के अफेयर का पता चला तो शादी के 7 साल बाद उससे तलाक ले लिया। बेटा अमित के साथ रहने लगा, जबकि बेटी सोनी के साथ मायके बछरावां चली गई ।2017 में सुरेंद्र से शादी कर ली2017 में सोनी ने सुरेंद्र से दूसरी शादी कर ली। दोनों का एक बेटा है। सोनी का कहना है कि शादी के बाद भी रमाकांत उसका पीछा नहीं छोड़ रहा था।

# टीजीटी-पीजीटी अभ्यर्थियों का धरना 15वें दिन भी जारी

## प्रयागराज में 10 दिन से आमरण अनशन, बिगड़ने लगी कई की तबीयत



अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज,टीजीटी-पीजीटी अभ्यर्थियों का शांतिपूर्ण धरना सोमवार को 15वें दिन भी जारी है। वहीं, मांगों को लेकर अभ्यर्थी पिछले 10 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे हैं। लगातार अनशन के कारण कई अभ्यर्थियों की तबीयत बिगड़ने लगी है और उनका वजन भी कम हुआ है। सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य प्रयागराज आ रहे हैं। इसे देखते हुए प्रदर्शनकारी उनसे मिलकर अपनी समस्याएं बताने की कोशिश करेंगे। अभ्यर्थियों को उम्मीद है कि दोनों नेता उनकी बात सुनेंगे और मांगों के समाधान के लिए कदम उठाएंगे। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि भर्ती से जुड़ी मांगों को लेकर लंबे समय से आंदोलन चल रहा है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। उनका कहना है कि मांगें पूरी होने तक धरना और आमरण अनशन जारी रहेगा।

**सुबह 10 से शाम 5 बजे तक धरना**

प्रशासन की अनुमति के अनुसार अभ्यर्थी सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक धरना दे रहे हैं। प्रदर्शन स्थल पर टेंट लगाने और शाम के बाद वहां बैठने की अनुमति नहीं है। अभ्यर्थियों ने कहा कि प्रशासन और सरकार की ओर से उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन आगे भी जारी रहेगा।

# पत्नी को नैनी पुल पसंद था...इसलिए यहीं से कूदा

## प्रयागराज में युवक ने सुसाइड नोट में लिखा; देख लो मैं मर सकता हूं

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज ,एक युवक ने उसी नैनी पुल से छलांग लगा दी, जो उसकी पत्नी को पसंद था। युवक ने ये कदम उठाने से पहले खुद सुसाइड नोट में ये बात लिखी। नदी में युवक को गिरते देख जल पुलिस के जवानों ने तुरंत मोटरबोट दौड़ा दी। गोताखोरों की मदद से युवक को सुरक्षित नदी से बाहर निकाल लिया गया। शुरूआती इलाज के बाद युवक की हालत ठीक बताई जा रही है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि युवक जौनपुर जिले का रहने वाला है। बैग साइड में रखकर पुल की रेलिंग पर चढ़ा आलोक सिंह (32) जौनपुर जिले के मुंगरा बादशाहपुर के अहमदपुर गरियांव गांव का रहने वाला है। वह आज सुबह 9 बजे बैग लेकर यमुना नदी पर बने नैनी पुल पर पहुंचा। वहां एक किनारे बैग को रखा। फिर पुल की रेलिंग पर खड़े होकर नदी में छलांग लगा दी। जल पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवक को बचाया।

**मेरी पत्नी को लगता है मैं मर नहीं सकता**

पुलिस ने जब युवक का बैग चेक किया तो उसमें आधार कार्ड के साथ एक सुसाइड नोट मिला। इसमें लिखा था कि मेरे मरने के बाद पत्नी को फोन करके जानकारी दे दी जाए। अगर वह फोन न उठाए, तो उसे मैसेज करके और वीडियो बनाकर भेज दिया जाए। क्योंकि पत्नी को भरोसा नहीं है कि मैं मर सकता हूं। घटना की जानकारी मिलने पर कीडगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। युवक के परिवार का पता लगाकर उन्हें घटना की सूचना दी। युवक को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया, जहां उसका प्राथमिक इलाज कराया गया। सुसाइड नोट के आधार पर, पहली नजर में पत्नी से विवाद को युवक के इस कदम की वजह माना जा रहा है। हालांकि, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। युवक से पूछताछ के बाद स्थिति और साफ होगी।

# धूमधाम से प्रारंभ हुआ गणपति बप्पा का द्वितीय महामहोत्सव



अमन लेखनी समाचार

नौबस्ता , विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान शिव एवं माता पार्वती के दुलारे श्री गणपति बप्पा भगवान की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम भारतवर्ष के कोने-कोने पर हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है इसी पर्व को लेकर महानगर के बौद्ध नगर पुरानी बस्ती धोबिन पुलिया अंतर्गत द्वितीय महा महोत्सव का शुभारंभ किया गया कल प्रथम दिवस भगवान गणपति बप्पा को आसन पर विराजमान कर दूध दही पंचामृत शहद इत्यादि से स्नान कराते हुए अभिषेक संपन्न कराया गया प्रथम दिवस के प्रमुख यजमान रीता देवी एवं दिनेश कुमार ने भगवान गणपति बप्पा की प्राण प्रतिष्ठा करते हुए सप्त दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का आगाज किया वही मोहल्ले के सभी पुरुष महिला युवा एवं नन्हे मुन्ने बच्चों ने भी उत्साह दिखाते हुए कार्यक्रम में सहभागिता निभाई सप्त दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान मोहल्ले के सभी बुजुर्गों के संरक्षण में अनमोल सूरज नीरज प्रियांशु रवी उर्फ कल्लू सनी उर्फ गोरे अंश कृष्णा आदि सभी कार्यकताओं ने अथक प्रयास करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई प्रातः काल प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात शाम 8 बजे महा आरती संपन्न हुई जहां भारी संख्या में पहुंचे पुरुष महिला युवा आदि भक्त गणों ने महा आरती करते हुए महाप्रसाद को ग्रहण किया

# रंगरलियां मनाने रैन बसेरा पहुंचे दो युवक

## मेल स्कॉर्ट बताकर मांगा किराए पर कमरा, झगड़ा होने पर भागी कार सवार महिला

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर , शाहपुर इलाके में नगर निगम के रैन बसेरा में एक कार सवार महिला के साथ पहुंचे 2 युवकों ने जमकर बवाल काटा और हंगामा किया। युवक रैन बसेरे में एक कमरा किराए पर मांग रहे थे। इन्कार करने पर हंगामा करने लगे। तभी कई लोगों ने जुटकर एक युवक को पकड़ लिया। जबकि दूसरा युवक और कार सवार महिला हंगामा होते देख भाग गया। प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी के मुताबिक, पकड़े गए युवक ने बताया है कि वह मेल स्कॉर्ट है। दोनों युवकों को एक शादीशुदा महिला ने बुलाया था। महिला के साथ दोनों युवक रैनबसेरा में रंगलियां मनाने वाले थे। महिला अभी कार में ही बैठी थी। इससे पहले हंगामा हो गया ।आरोप है कि दोनों युवकों ने काफी शराब पी रखी थी। रैन बसेरे में डयूटी करने वालों को जान से मारने की धमकी भी दी है। घटना रविवार शाम 4:40 बजे की हैघटना के बाद पहुंची शाहपुर पुलिस ने एक युवक भटहट के सूरज को पकड़कर पूछताछ की। इसके बाद शांतिभंग में चालान कर दिया। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर ऋकफ दर्ज की जाएगी ।शाहपुर इलाके के बशारतपुर में स्थित रैन बसेरा को स्माइल शेल्टर होम बनाया गया है। इसमें मानसिक रूप से बीमार लोग रखे जाते हैं। रैन बसेरा में 6 बड़े हाल समेत 15 कमरे हैं। इस समय यहां 16 मानसिक बीमार लोग रखे गए हैं।

**संचालक ने लगाया गंभीर आरोप**

स्माईल होम के संचालक कृष्ण पांडेय ने बताया- शाहपुर थाने की पादरी बाजार चौकी पर शिकायत पत्र दिया है। रविवार शाम करीब 4:40 बजे स्माइल होम में 2 युवक आए। दोनों युवकों ने खुद को मेल स्कॉर्ट बताया था। आरोप लगाया कि एक महिला बाहर कार में बैठी थी। दोनों युवक अंदर शेल्टर होम में अंदर आए। कमरा देने से इन्कार करने पर गालियां देने लगे। जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान आस-पास से भी लोग शोर सुनकर जुट गए। भीड़ देखकर एक युवक और कार सवार महिला अलग-अलग भागे। वहीं एक युवक को भागते समय पकड़ लिया गया।

**महिला ने बुलाया था मेल स्कॉर्ट**

पकड़े युवकों में एक गुलरिहा थाना क्षेत्र के भटहट और दूसरा चंडीगढ़ का रहने वाला है। भटहट के युवक को भीड़ ने पकड़कर पुलिस को सूचना दी। पकड़े गए युवक ने बताया कि महिला ने ऑनलाइन संपर्क करके मसाज सर्विस के लिए बुलाया था। यह सुनकर सभी लोगों के होश उड़ गए। थोड़ी देर में पादरी बाजार चौकी की पुलिस वहां पहुंची। संचालक कृष्ण पांडेय ने आरोप लगाया कि पुलिस समय पर नहीं आती तो युवक जानलेवा हमला भी कर सकता था।

# मंत्रोच्चारण के साथ भगवान गणेश की प्रतिमा की हुई स्थापना



अमन लेखनी समाचार

रवि श्रीवास्तव

जहानाबाद, फतेहपुर। जहानाबाद कस्बे के राम तलाई मंदिर में स्थित आज दिन सोमवार को भगवान श्री गणेश की प्रतिमा का मंत्र उच्चारण के साथ स्थापना हुई आचार्य संजय शुक्ला द्वारा विधिपूर्वक पूजा अर्चना कराई गई इस मौके पर राजा अग्निहोत्री लालूओमर राजू शुक्ला सर्वेश सोनकर योगेश चौरसिया मंजू शुक्ला नेहा शुक्ला ज्योति चौरसिया आदि लोग उपस्थित रहे, इसके साथ ठाकुरनगली में संतोष कश्यप के द्वारा अपने निज निवास में गणेश की प्रतिमा का स्थापना एवं श्री राम श्याम कमेटी द्वारा सुशील तिवारी के यहां पर भी गणेश प्रतिमा की स्थापना की गई

# राममंदिर चंदे में गड़बड़ी पर जांच की मांग

## देवरिया में युवजन सभा का धरना, महंगाई-बेरोजगारी पर भी उठाए सवाल

अमन लेखनी समाचार




देवरिया ,समाजवादी युवजन सभा के कार्यकताओं ने सोमवार को शहर के सुभाष चौक पर धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने कई मांगें उठाईं। संगठन के जिलाध्यक्ष रणवीर यादव के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में अयोध्या राममंदिर चंदे में कथित गड़बड़ी के मामले में कार्रवाई की मांग की गई। कार्यकताओं ने प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों को बंद नहीं करने की भी मांग की। इसके साथ ही उन्होंने महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और कानून व्यवस्था के मुद्दे भी उठाए। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ता हाथों में अपनी मांगों से जुड़ी तख्तियां लिए हुए थे ।उन्होंने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। जिलाध्यक्ष रणवीर यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार अयोध्या राममंदिर चंदे में कथित गड़बड़ी के आरोपियों को बचा रही है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की ।रणवीर यादव ने कहा कि प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों को बंद करने से गरीब परिवारों के बच्चों की पढ़ाई पर असर पड़ेगा। उन्होंने प्रदेश में अपराध, महंगाई और बेरोजगारी बढ़ने का आरोप लगाते हुए सरकार पर निशाना साधा ।प्रदर्शनकारियों ने पेपर लीक, फीस बढ़ने और सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने किसानों की समस्याओं का जिक्र करते हुए खेती की बढ़ती लागत और न्यूनतम समर्थन मूल्य से जुड़े सवाल भी उठाए ।धरने में हरिओम लाला, विजय यादव, अभयशंकर, सन्नी गौड़, सूरज प्रताप, शेषनाथ, शाकिर अली और बबलू कुशवाहा समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# नेहा बोरा बोलीं-सरकार को बस लाठी भांजना आता है

## गोरखपुर में जेन -जी महाजुटान में शामिल हुईं, कहा-नौकरी देना इनके बस का नहीं

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर , दिल्ली के जंतर-मंतर में 23 दिन भूख हड़ताल करने वाली नेहा बोरा ने गोरखपुर में कहा कि उन्हें सरकार से ज्यादा उम्मीद नहीं है। सरकार युवाओं को शिक्षा और रोजगार देने के बजाय विरोध करने वालों पर कार्रवाई कर रही है। सरकार को बस लाठी भांजना आता है। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा बोरा सोमवार को जेन -जी महाजुटान कार्यक्रम में शामिल होने आई थीं। गोकुल अतिथि भवन में आइसा की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र नेता, संगठन के कार्यकर्ता और स्कूली छात्र शामिल हुए।

**छात्रों ने नेहा बोरा को सौंपी चिट्ठी**

कार्यक्रम के दौरान कुछ छात्र मंच पर पहुंचे। उन्होंने अपने स्कूलों से जुड़ी समस्याओं की चिट्ठी नेहा बोरा को सौंपी। छात्रों ने शिक्षा, रोजगार, छात्रवृत्ति, हॉस्टल और विश्वविद्यालयों में सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं रखीं। उनकी समस्याएं सुनने के बाद नेहा बोरा ने भरोसा दिया कि इन मुद्दों को संगठन के मेनिफेस्टो में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि छात्रों की समस्याओं को लेकर आइसा अलग-अलग शहरों और विश्वविद्यालयों में अभियान चला रहा है।

**कहा-हिंदू और मुस्लिम के नाम पर राजनीति हो रही है**

नेहा बोरा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर भी निशाना साधा। उन्होंने सरकार पर अराजकता फैलाने और हिंदू-मुस्लिम के नाम पर राजनीति करने का आरोप लगाया। कहा कि सरकार सड़कों पर नमाज पढ़ने को लेकर आपत्ति जताती है, लेकिन थाने में जन्माष्टमी के दौरान उपद्रव होने पर कार्रवाई को लेकर सवाल नहीं उठाती। नेहा ने आरोप लगाया कि सरकार युवाओं को बेहतर शिक्षा और रोजगार देने में विफल रही है। युवाओं के मुद्दों का समाधान करने के बजाय सरकार लाठी के दम पर विरोध को दबाने की कोशिश करती है।

**बोलीं-हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व अध्यक्ष पर 70 से अधिक केस**

नेहा बोरा ने हिंदू युवा वाहिनी को भी निशाने पर लिया। आरोप लगाया कि यह संगठन पूर्वांचल में दंगा कराने के लिए जाना जाता है। उन्होंने संगठन को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ह्यपेट प्रोजेक्टह्न बताया। उन्होंने संगठन के पूर्व अध्यक्ष सुनील सिंह को लेकर भी कई आरोप लगाए। नेहा ने दावा किया कि संगठन ने चुनाव नहीं लड़ने की बात कही थी, लेकिन तत्कालीन अध्यक्ष सुनील सिंह ने अलग-अलग जगह भाजपा के खिलाफ उम्मीदवार उतार दिए थे। इसके बाद उन्हें पद से हटा दिया गया नेहा ने दावा किया कि सुनील सिंह दोबारा संगठन में वापसी की उम्मीद रखते हैं। उनके खिलाफ अलग-अलग थानों में दंगा भड़काने और गैंगस्टर एक्ट समेत 70 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं ।गोडसे के नाम पर भी इखढ पर निशानानेहा बोरा ने नाथूराम गोडसे का जिक्र करते हुए भाजपा पर भी हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की सरकार गोडसे को पूजने वालों को बढ़ावा देती है।

# भाजपा के पूर्व-जिलाध्यक्ष को सचिव ने दी गोली-मारने की धमकी

फोन पर कहा– योगी बाबा बचाने नहीं आएंगे, निगोही थाने में एफआईआर दर्ज

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर , भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम नारायण मिश्रा को ग्राम पंचायत सचिव ने गोली मारने की धमकी दी है। यह धमकी मृत्यु प्रमाण पत्र की जानकारी मांगने पर दी गई। सचिव ने कहा कि 'योगी बाबा बचाने नहीं आएंगे'। भाजपा नेता ने निगोही थाने में इस मामले की एफआईआर दर्ज कराई है। निगोही थाना क्षेत्र के गुरगवां गांव के रहने वाले पूर्व जिलाध्यक्ष श्यामनारायण मिश्रा ने एफआईआर में बताया कि 12 सितंबर को उनके पास परसरा परसरी गांव के विजय सिंह आए थे। विजय सिंह ने बताया कि उनके पिता प्रेमपाल सिंह के मृत्यु प्रमाण पत्र की सभी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं। लेकिन, ग्राम पंचायत सचिव अवनीश सिंह ने अभी तक प्रमाण पत्र जारी नहीं किया है। जांच के बाद होगी कार्रवाई इस पर श्यामनारायण मिश्रा ने सचिव अवनीश सिंह को फोन कर प्रमाण पत्र के बारे में जानकारी लेनी चाही।

# युवती की मौत, एक साल से बीमार थी

## परिजनों ने तंत्र-मंत्र कर नमक खिलाने का लगाया आरोप, ससुराल वालों पर कार्रवाई की मांग

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, कांट थाना क्षेत्र के सरथौली गांव में रविवार रात करीब 2 बजे 20 वर्षीय युवती वंदना की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि करीब एक साल पहले उसके भाई की ससुराल वालों ने तंत्र-मंत्र कर उसे नमक खिला दिया था। इसके बाद से उसकी तबीयत खराब रहने लगी थी। रविवार रात हालत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। हालांकि, सोमवार तक परिजनों ने मामले में कोई लिखित शिकायत नहीं दी थी।

**एक साल से चल रहा था इलाज**

वंदना सरथौली गांव निवासी रूपराम की बेटी थी। रूपराम पत्नी और चार बच्चों के साथ गांव में रहते हैं। परिजनों के मुताबिक, करीब एक साल पहले वंदना के भाई की ससुराल वालों ने तंत्र-मंत्र कराकर उसे नमक खिला दिया था। इसके बाद से वह बीमार रहने लगी। परिवार उसका लगातार इलाज करा रहा था। रविवार रात अचानक वंदना की तबीयत ज्यादा बिगड़ गई। परिजन उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई ।युवती की मौत की सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची।

# पुलिस-प्रशासन की टीम ने अस्पताल के मानक जांचे

## परिजनों ने नशे में ऑपरेशन का आरोप लगाया था, महिला की मौत के बाद 2 डॉक्टरों पर दर्ज हुई थी एफआईआर

अमन लेखनी समाचार




शाहजहांपुर, सोमवार दोपहर 3 बजे पुलिस-प्रशासन की टीम ने पुवायां थाना क्षेत्र के चरख अस्पताल में जांच की। इस दौरान अस्पताल के सीसीटीवी कैमरे, दवाएं और अन्य मानक चेक किए गए। जांच के समय पुवायां के एसडीएम सदानंद सरोज और सीओ प्रवीण मलिक भी मौजूद थे ।यह कार्रवाई एक गर्भवती महिला जूली की मौत के बाद हुई है। 8 सितंबर को चरख अस्पताल में महिला का ऑपरेशन हुआ था, जिसके बाद उसने एक बेटे को जन्म दिया। हालत बिगड़ने पर उसे बरेली रेफर किया गया, लेकिन 9 सितंबर को रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। परिजनों ने चरख अस्पताल के डॉक्टर फिरोज और शहर के डॉक्टर केपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर ने नशे की हालत में ऑपरेशन किया था, जिससे महिला की हालत बिगड़ी। हालांकि डाक्टर ने अपने उपर लगे आरोपों को निराधार बताया है एफआईआर दर्ज होने के बाद मीडिया में खबरें आने पर डॉक्टर ने पत्रकारों पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि अगर पत्रकार से पैंट उतारने का आग्रह करें तो उनकी चड्डी में कई छेद होंगे। इस बयान के बाद पत्रकारों में आक्रोश फैल गया। पुवायां क्षेत्र के पत्रकारों ने विरोध प्रदर्शन कर पुलिस-प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। इसके तुरंत बाद एसडीएम पुवायां सदानंद सरोज, सीओ पुवायां प्रवीण मलिक, चिकित्सा अधीक्षक पुवायां नरेंद्र पाल, पुवायां थाना निरीक्षक आरके रावत और विद्युत निगम के एसडीओ राजू कुमार चरख अस्पताल पहुंच गए। अधिकारियों ने अस्पताल के सीसीटीवी कैमरे चेक किए, जिसमें डॉक्टरों के आने का समय देखा गया।

# सेमफोर्ड विद्यालय में मनाया गया ग्रैंडपेरेंट्स डे

**बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दादा-दादी व नाना-नानी का किया स्वागत**




अमन लेखनी समाचार

मीरजापुर। नटवा स्थित सेमफोर्ड विद्यालय में रविवार को ग्रैंडपेरेंट्स डे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को दादा-दादी एवं नाना-नानी के स्नेह, अनुभव और संस्कारों से जोड़ना तथा उनके प्रति सम्मान की भावना विकसित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक विवेक बरनवाल, निदेशिका शिप्रा बरनवाल एवं प्रधानाचार्या श्वेता मेहरोत्रा खत्री ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। प्रधानाचार्या ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि बुजुर्ग परिवार की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उनके अनुभव और संस्कार बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से हुई। विद्यार्थियों ने स्वागत गीत के साथ दादा-दादी एवं नाना-नानी का अभिनंदन किया। बच्चों ने विभिन्न रंगारंग नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। भस्मासुर पर आधारित प्रस्तुति, ह्यचांद से प्यारी दादी मांह्ल तथा कक्षा एक, दो और तीन के विद्यार्थियों का मैशअप डांस आकर्षण का केंद्र रहा। प्रस्तुतियों पर अतिथियों एवं अभिभावकों ने तालियों से बच्चों का उत्साह बढ़ाया। विद्यालय के निदेशक विवेक बरनवाल ने बच्चों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि दादा-दादी एवं नाना-नानी परिवार की मजबूत नींव हैं। उनका स्नेह, अनुभव और आशीर्वाद बच्चों को जीवन-मूल्यों की सीख देता है। उन्होंने बच्चों से बुजुर्गों का सम्मान करने और उनके साथ समय बिताने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि ने भी बुजुर्गों को परिवार की अमूल्य धरोहर बताते हुए बच्चों को उनके प्रति प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। अंत में कोऑर्डिनेटर मंजरी खरे ने अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

# पत्रकारों ने उत्साह और गरिमा के साथ मनाया हिंदी दिवस



अमन लेखनी समाचार

गुरसरांय(झांसी)- नगर के खेर इंटर कॉलेज बालिका विभाग के सामने नगर पत्रकार कार्यालय परिसर में सोमवार 14 सितंबर को हिंदी दिवस का आयोजन अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। इस अवसर पर स्थानीय पत्रकारों और प्रबुद्ध नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ पत्रकार जयप्रकाश बरसैया ने डिजिटल युग में हिंदी पत्रकारिता की चुनौतियां और संभावनाएं विषय पर संगोष्ठी पर अपने विचार साझा करते हुए शुद्ध हिंदी के प्रयोग और बोलचाल की सरलता पर बल दिया। पत्रकार सार्थक नायक ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आधुनिक डिजिटल युग तक, समाज को जागरूक करने और जन-जन को जोड़ने में हिंदी पत्रकारिता की मुख्य भूमिका रही है। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार संदीप श्रीवास्तव ने किया। अंत में आभार व्यक्त कुलदीप यादव(मोनू) ने किया। इस अवसर पर अंकित सेंगर, नितिन मोदी, शहीद खान, मोतीपाल, रविंद्र रैकवार, रोहित साहू, देवांश यादव लालू, सलमान खान, अभिषेक सोनी, अनिकेत पटेल, अनुराग सिंह, आकाश सिंह, इकरार, रोहित, समीर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पत्रकार को पेट्रोल पंप से थाने ले जाने के मामले में गरमाया विवाद

**6,400 कब्जे में लेने और 20 हजार रिश्वत मांगने के आरोप पर मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर कार्रवाई की मांग**




अमन लेखनी समाचार

संतकबीरनगर। थाना दुधारा क्षेत्र में पत्रकार राहुल त्रिपाठी को पेट्रोल पंप से कथित रूप से पुलिस द्वारा थाने ले जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मामले में राष्ट्रीय पत्रकार एकता संघ ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर पूरे प्रकरण की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच तथा दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पत्र के अनुसार, 12 सितंबर 2026 की रात करीब 9 बजे राहुल त्रिपाठी दुधारा थाना क्षेत्र स्थित एक पेट्रोल पंप पर मौजूद थे। आरोप है कि इसी दौरान थाना दुधारा के पुलिसकर्मी वहां पहुंचे और उन्हें मोटरसाइकिल पर बैठाकर थाने ले गए। पत्रकार का आरोप है कि उन्हें यह स्पष्ट नहीं बताया गया कि किस मामले में और किस कानूनी अधिकार के तहत थाने ले जाया जा रहा है।

मामले में पुलिसकर्मियों मोतीलाल, हरिप्रसाद और संजय प्रसाद की भूमिका की जांच की मांग की गई है। पत्र में आरोप लगाया गया है कि पत्रकार का मोबाइल फोन पुलिसकर्मियों ने कब्जे में लिया तथा उनके पास मौजूद करीब 6,400 रुपये कथित रूप से छीनने/कब्जे में रखने का आरोप है। इसके अलावा पत्रकार की ओर से 20,000 रुपये रिश्वत मांगने का भी गंभीर आरोप लगाया गया है। आरोप है कि रिश्वत की मांग पूरी न करने पर कथित तौर पर फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई। जांच में उठाए गए कई गंभीर सवाल राष्ट्रीय पत्रकार एकता संघ ने मांग की है कि जांच में यह स्पष्ट किया जाए कि राहुल त्रिपाठी को किस कानूनी प्रावधान के तहत थाने लाया गया, क्या उन्हें गिरफ्तार किया गया था, क्या कोई वैध नोटिस या आदेश दिया गया था और पुलिसकर्मियों ने अपनी शक्तियों का नियमानुसार प्रयोग किया या नहीं। पत्र में 6,400 रुपये और 20,000 रुपये की कथित मांग, मोबाइल फोन कब्जे में लेने, पुलिस वाहन एवं पुलिसकर्मियों की गतिविधियों तथा पेट्रोल पंप और थाना परिसर की सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित कर जांच में शामिल करने की मांग की गई है। संघ ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि मामले की जांच थाना दुधारा से बाहर किसी वरिष्ठ एवं स्वतंत्र पुलिस अधिकारी से कराई जाए। आरोप सत्य पाए जाने पर संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ इठर, इठरर, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम सहित लागू कानूनी प्रावधानों के तहत ऋकफ दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाए।

## खास समाचार

# ससुराल आए दामाद की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

अमन लेखनी समाचार

कासिमपुर। कासिमपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सतावन कुटी मजरा रामपुर भटौली में ससुराल आए एक युवक की बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, गुलाबी खेड़ा निवासी रामदीन पुत्र टेकई अपनी पत्नी आशा को विदा कराने के लिए अपने ससुर पप्पू पुत्र लालता के घर आया हुआ था। बताया जा रहा है कि रात में अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची कासिमपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

# गौरा शक्ति केंद्र पर भाजपा की मंडल कार्यशाला आयोजित

अमन लेखनी समाचार

छानबे। गौरा शक्ति केंद्र स्थित हनुमान मंदिर परिसर में रविवार को भाजपा की मंडल कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रितेश कुमार सिंह ने की। मुख्य अतिथि के रूप में संतोष दुबे मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधान परिषद प्रतिनिधि प्रेम बहादुर सिंह, देवराम और जिला पंचायत सदस्य पार्थ सिंह ने कार्यकताओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री वरुण गंगा शुक्ला ने किया। कार्यशाला में मंडल पदाधिकारियों के साथ शक्ति केंद्र प्रभारी, शक्ति केंद्र संयोजक और बूथ अध्यक्षों ने भाग लिया। इस दौरान संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और आगामी कार्यक्रमों को लेकर कार्यकताओं से चर्चा की गई।

# बरगवां बाजार में मारपीट के दो आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**जमीन विवाद के फैसले को लेकर हुई थी मारपीट, घटना में प्रयुक्त लाठी जब्त**

अमन लेखनी समाचार

सिंगरौली। बरगवां बाजार में जमीन विवाद के फैसले को लेकर हुई मारपीट के मामले में बरगवां पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जिला जेल बैढ़न भेज दिया गया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त लाठी भी जब्त की है। मामले में एक आरोपी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार, 9 सितंबर को शाम करीब 4 बजे बरगवां बाजार में दो पक्षों के बीच जमीन विवाद के फैसले को लेकर मारपीट हुई थी। घटना में रामरेखा नामदेव और बसन्तलाल नामदेव को चोट आई थी। बसन्तलाल नामदेव निवासी बड़ोखर की रिपोर्ट पर आद्या प्रसाद नामदेव, अंकित नामदेव और अमन नामदेव के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था। घायल रामरेखा नामदेव की चोट को डॉक्टर द्वारा गंभीर एवं प्राणघातक बताए जाने पर प्रकरण में धारा 109 बीएनएस बढ़ाई गई।

# कर्मा पूजा महोत्सव में शामिल होने पहुंचे वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष, चोपन में हुआ जोरदार स्वागत

अमन लेखनी समाचार



चोपन/सोनभद्र - जनजातीय सांस्कृतिक महोत्सव कर्मा पूजा 2026 के विभिन्न कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह सोनभद्र पहुंचे। सोमवार को ग्राम पंचायत कोटा तथा मंगलवार को ग्राम पंचायत बागेसोती में प्रस्तावित कार्यक्रमों में वह बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए सोनभद्र पहुंचने के दौरान चोपन से गुजरते समय नर सेवा नारायण सेवा स्थल पर भाजपा कार्यकताओं, समाजसेवियों एवं स्थानीय लोगों द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यकताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं माल्यार्पण कर राष्ट्रीय अध्यक्ष का अभिनंदन किया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में जनजातीय संस्कृति, परंपराओं एवं सामाजिक समरसता को मजबूत करने को लेकर चर्चा भी हुई। वक्ताओं ने कहा कि कर्मा पूजा जनजातीय समाज की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा, प्रकृति के प्रति आस्था तथा सामाजिक एकजुटता का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से नई पीढ़ी को अपनी लोक संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने स्वागत के लिए उपस्थित कार्यकताओं एवं समाजसेवियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनजातीय समाज की संस्कृति एवं परंपराओं का संरक्षण और संवर्धन समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारा, एकता और सामाजिक समरसता को और मजबूत करते हैं। बताया गया कि सोमवार को ग्राम पंचायत कोटा में तथा मंगलवार को ग्राम पंचायत बागेसोती में जनजातीय सांस्कृतिक महोत्सव कर्मा पूजा 2026 के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें बड़ी संख्या में जनजातीय समाज के लोगों के साथ ही क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस अवसर पर वनवासी कल्याण आश्रम के क्षेत्रीय संगठन मंत्री आनंद जी, जिलाध्यक्ष विमल सिंह जेसी, सत्यप्रकाश तिवारी, ओमप्रकाश जी, नर सेवा नारायण सेवा के संयोजक मनोज चौबे, दीपक दुबे, अजीत कुमार, विनीत पाण्डेय, संजय कुमार, विनित शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं समाजसेवी मौजूद रहे।

# छतोह और डीह बिजली व्यवस्था राम भरोसे, ग्रामीणो में हाहाकार

**ध्वस्त व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठा चुके भाजपा विधायक, लगाई है क्लास सरकार को बदनाम करने की रची जा रही बड़ी साजिश फिर भी जिम्मेदार नहीं उतर रहे खरे**



अमन लेखनी समाचार

नसीराबाद रायबरेली। सलोन के छतोह और डीह विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है या यूं कहें कि दोनों स्थानों पर बिजली राम भरोसे चल रही है चारों तरफ ग्रामीण हाहाकार मचा रहे है दिन में भीषण गर्मी और अघोषित बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या ने आम लोगों का जीना मुहाल कर दिया है भीषण गर्मी और उमस भरे मौसम में घंटों बिजली गुल रहने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है इससे व्यापारियों, किसानों, छात्रों और ग्रामीणों में विद्युत विभाग के खिलाफ भारी आक्रोश पनप चुका है क्षेत्रीय लोगों का आरोप है कि पिछले 15 दिनों से बिना किसी पूर्व सूचना और रोस्टर के मनमाने ढंग से बिजली काटी जा रही है। दिन में तो कटौती हो ही रही है, रात में भी कई-कई घंटे लाइट गुल रहती है। आलम यह है कि अगर जब बिजली आती भी है तो वोल्टेज इतना मार लोग झेल रहे हैं कि पंखे कूलर कछुआ जैसे केवल धीरे-धीरे घूमते रहते हैं कूलर और एसी की बात करें तो शोपीस बन गए हैं। लो-वोल्टेज के कारण घरों के अन्य विद्युत उपकरण भी ठीक से काम नहीं कर पा रहे हैं। उमस भरी गर्मी में लोगों की रातों की नींद हराम हो गई है, छोटे बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा परेशान हैं।

## जिम्मेदारो की लापरवाही व्यापार और खेती संकट मे

व्यापारियों का कहना है कि बार-बार की ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज के चलते दुकानों में लगे फ्रिज, डीप फ्रीजर, कंप्यूटर, प्रिंटर और फोटोस्टेट मशीनें खराब हो रही हैं। कोल्ड ड्रिंक और डेयरी व्यवसाय से जुड़े दुकानदारों को रोजाना हजारों रुपये का नुकसान हो रहा है। बाजार में अंधेरा छाने से ग्राहकों की आवाजाही भी कम हो गई है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भी गंभीर है। किसानों का कहना है कि कम वोल्टेज के चलते नलकूप और समरसेबल मोटरें स्टार्ट नहीं हो पा रहे हैं, जिससे धान की फसल की सिंचाई प्रभावित हो रही है। समय पर सिंचाई न होने से फसल सूखने की कगार पर है। छात्र-छात्राओं को शाम के समय पढ़ाई करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# भाजपा की कार्यकर्ता संवाद एवं परिचयात्मक बैठक आयोजित

**प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश सिंह का कार्यकताओं ने किया स्वागत**

अमन लेखनी समाचार



मीरजापुर। भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन की ओर से कार्यकर्ता संवाद एवं परिचयात्मक बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं काशी क्षेत्र प्रभारी रमेश सिंह का पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज के नेतृत्व में आयोजित हुआ। संचालन जिला महामंत्री स्वामीनाथ सिंह ने किया। मुख्य अतिथि रमेश सिंह ने पदाधिकारियों और कार्यकताओं से संवाद करते हुए संगठन को और मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कार्यकताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस दौरान काशी क्षेत्रीय महामंत्री विद्याधर तिवारी, नगर विधायक पं. रत्नाकर मिश्रा, चुनार विधायक अनुराग सिंह, मझवां विधायक शुचिस्मिता मौर्य, विधान परिषद सदस्य श्याम नारायण सिंह, पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सोहन श्रीमाली, नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष जगदीश सिंह पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज जायसवाल सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में जिला पदाधिकारी, जिला मोर्चा अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष और मंडल प्रभारी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी पं. भावेश शर्मा ने दी।

# ड्रोन खतरे से निपटने को सीआईएसएफ ने कसी कमर, डीएफआई से हुआ अहम करार

**काउंटर-ड्रोन तकनीक, प्रशिक्षण और फोरेंसिक जांच को मिलेगा बढ़ावा; आरटीसी बहरोड़ बनेगा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ।।**

अमन लेखनी समाचार

बीजपुर (सोनभद्र) देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को तेजी से उभरते ड्रोन और अन्य हवाई खतरों से सुरक्षित रखने के लिए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) और ड्रोन फेडरेशन ऑफ इंडिया (डीएफआई) के बीच महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) हुआ है। इस समझौते के तहत ड्रोन एवं काउंटर-ड्रोन तकनीक, प्रशिक्षण, फोरेंसिक जांच तथा संयुक्त अभ्यास के माध्यम से सुरक्षा क्षमताओं को और मजबूत किया जाएगा। एनटीपीसी रिहंद सीआईएसएफ के उप कमांडेंट प्रकाश ने बताया कि सीआईएसएफ मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में एमओयू पर सीआईएसएफ की ओर से डॉ. सी.डी. नायक, डीआईजी एवं प्रिंसिपल, एमपी आरटीसी बहरोड़ तथा ड्रोन फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष स्मित शाह ने हस्ताक्षर किए। इस दौरान सीआईएसएफ महानिदेशक प्रवीण रंजन समेत बल के वरिष्ठ अधिकारी और डीएफआई के पदाधिकारी मौजूद रहे। सीआईएसएफ वर्तमान में देशभर के 370 से अधिक महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल रहा है। इनमें विमानन क्षेत्र, परमाणु संयंत्र, अंतरिक्ष केंद्र और तेल रिफाइनरी जैसे अति-संवेदनशील प्रतिष्ठान शामिल हैं। महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को हवाई खतरों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए सीआईएसएफ को नोडल एजेंसी की जिम्मेदारी भी दी गई है। ड्रोन तकनीक के तेजी से बढ़ते इस्तेमाल और उससे उत्पन्न संभावित सुरक्षा चुनौतियों को देखते हुए संदिग्ध ड्रोन की समय रहते पहचान, निगरानी, ट्रैकिंग और उन्हें निष्क्रिय करने की क्षमता विकसित करना बेहद जरूरी हो गया है। सीआईएसएफ ने अपनी सुरक्षा व्यवस्था में ड्रोन तकनीक को शामिल किया है। अब तक तीन हजार से अधिक कर्मियों को ड्रोन और एंटी-ड्रोन प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जबकि करीब 80 इकाइयां निगरानी, खतरे की पहचान और प्रशिक्षण के लिए ड्रोन तकनीक का इस्तेमाल कर रही हैं। एमओयू के तहत आरटीसी बहरोड़ को ड्रोन एवं काउंटर-ड्रोन सिस्टम के क्षेत्र में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाएगा। डीएफआई भारतीय ड्रोन स्टार्टअप और तकनीकी कंपनियों के सहयोग से सीआईएसएफ की क्षमता निर्माण, व्यावहारिक अनुसंधान और परिचालन तैयारियों को मजबूत करने में सहयोग करेगा। समझौते में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर काउंटर-ड्रोन सिस्टम की तैनाती के लिए एसओपी, डिप्लॉयमेंट फ्रेमवर्क और पायलट प्रोजेक्ट तैयार करना भी शामिल है। इसके अलावा संदिग्ध ड्रोन गतिविधियों के विश्लेषण और घटनाओं के बाद आकलन के लिए स्वदेशी फोरेंसिक उपकरण विकसित किए जाएंगे। ड्रोन घुसपैठ की पहचान, ट्रैकिंग और जवाबी कार्रवाई की तैयारियों को परखने के लिए संयुक्त ड्रिल और रेड-टीमिंग अभ्यास आयोजित किए जाएंगे। प्रशिक्षण को और प्रभावी बनाने के लिए विशेष मॉड्यूल, स्टूडेंट हैकथॉन और चैलेंज प्रोग्राम भी तैयार किए जाएंगे। सीआईएसएफ महानिदेशक प्रवीर रंजन ने कहा कि बदलते ड्रोन खतरों के दौर में यह साझेदारी सुरक्षा तैयारियों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# घर की बाउंड्री में उगा रखे थे गांजा के 11 पौधे, आरोपी गिरफ्तार

**चितरंगी पुलिस ने 8 किलो 200 ग्राम गांजा पौधे किए जब्त, अनुमानित कीमत 1.20 लाख रुपये**

अमन लेखनी समाचार



सिंगरौली। अवैध मादक पदार्थों के उत्पादन, परिवहन और विक्रय के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत चितरंगी पुलिस ने घर की बाउंड्री के भीतर अवैध रूप से गांजा के पौधे उगाने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से गांजा के 11 हरे पौधे जब्त किए, जिनका कुल वजन 8 किलो 200 ग्राम बताया गया है। जब्त पौधों की अनुमानित कीमत करीब 1 लाख 20 हजार रुपये है। पुलिस के अनुसार, 11 सितंबर को थाना चितरंगी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम नौगई सेकण्ड निवासी रज्जू उर्फ राजेश्वर केवट ने अपने घर की बाउंड्री के भीतर गांजा के पौधे लगा रखे हैं। सूचना की तस्दीक और विधिसम्मत कार्रवाई के लिए थाना प्रभारी सुधेश तिवारी ने पुलिस टीम गठित कर मौके पर रवाना किया। पुलिस टीम ने एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों का पालन करते हुए आरोपी के घर के पीछे स्थित बाउंड्री परिसर की तलाशी ली। तलाशी के दौरान वहां उगाए गए गांजा के 11 हरे पौधे बरामद हुए। मामले में रज्जू उर्फ राजेश्वर केवट पिता अभिलाष उर्फ बनवारी केवट, उम्र 37 वर्ष, निवासी नौगई सेकण्ड, थाना चितरंगी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना चितरंगी में अपराध क्रमांक 441/2026, धारा 8/20(ए) एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपी को विशेष न्यायालय एनडीपीएस के समक्ष प्रस्तुत किया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सुधेश तिवारी, उप निरीक्षक उग्रभान वर्मा, सहायक उप निरीक्षक सतीश दीक्षित, आरक्षक मुकेश पाण्डेय एवं महिला आरक्षक उमा शुक्ला की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# दुद्धी पुलिस द्वारा NDPS Act के मुकदमे में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुणवाल एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी विनय प्रभाकर साहनी के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक दुद्धी के नेतृत्व में ऑपरेशन ऑल-आउट के तहत संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की प्रभावी चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि थाना दुद्धी पर पंजीकृत मु0अ0सं0-246/2026, धारा 8/20/27अ/ 29/60 NDPS Act में वांछित अभियुक्त अभिषेक चौरसिया पुत्र परमेश्वर प्रसाद अपने अधिवक्ता से मिलने हेतु रॉबर्ट्सगंज आया हुआ है। थाना दुद्धी पुलिस द्वारा उक्त वांछित अभियुक्त को आज दिनांक 13.09.2026 को जायसवाल ढाबा, रॉबर्ट्सगंज-चोपन मार्ग के पास से नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर उसे माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



## दिलजीत ने रचा वेम्बली स्टेडियम में इतिहास, भारत में होगा अगला शो

मुंबई। दिलजीत दोसांझ ने शनिवार को लंदन के वेम्बली स्टेडियम में परफॉर्म करके नया इतिहास रच दिया। दरअसल, वहां के मैदान पर सिंगर मेन हेडलाइनर के तौर पर शो करने वाले दुनिया के पहले पंजाबी सिंगर बन गए हैं। शो की शुरुआत दिलजीत ने अपने मशहूर डायलॉग 'पंजाबी आ गए वेम्बली ओए!' के साथ की और कहा कि ये सिर्फ एक कॉन्सर्ट नहीं है, बल्कि ये पल हमेशा के लिए इतिहास के पन्नों में दर्ज होने जा रहा है। अब उन्होंने वहीं से ही अपने अगले शो को ऐलान कर दिया है, जो भारत में अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में होने वाला है। पंजाबी सिंगर और अभिनेता दिलजीत दोसांझ इन दिनों अपने कॉन्सर्ट को लेकर चर्चा में बने हुए हैं।

लाइफ Style



# मानसी


## वेनिस रेड कार्पेट पर बिखेरा जलवा

एजेंसी ▸▸ मुंबई

इटली के वेनिस में आयोजित वेनिस फिल्म फेस्टिवल में एक तरफ शानदार फिल्मों ने सुर्खियां बटोरीं तो दूसरी तरफ सेलेब्स का फैशन भी लोगों का ध्यान खींचने में सफल रहा। इंडियन एक्ट्रेस मानसी पवार ने भी वेनिस में अपने लुक से सबका ध्यान अपनी तरफ खींच लिया।

दुनिया के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में से एक वेनिस फिल्म फेस्टिवल एक बार फिर चर्चा में है। इटली के वेनिस में आयोजित होने वाले इस इस इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में दुनियाभर के सितारे पहुंचते हैं और अपने क्लासी और आकर्षक लुक्स से सुर्खियों में छाए रहते हैं। इस बार वेनिस फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर सादगी से भरे क्लासी लुक्स देखने को मिले। मनोरंजन की दुनिया के कुछ स्टार्स ने अपने अलग अंदाज से भी खूब सुर्खियां बटोरीं। एक्ट्रेस मानसी पवार ने भी इटली के वेनिस में आयोजित होने वाले इस इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में शिरकत की और एक बार फिर अपने लुक को लेकर चर्चा में छा गई हैं।। इटली के वेनिस में आयोजित फिल्म फेस्टिवल में दुनियाभर से फिल्म कलाकार और फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोग शामिल होते हैं। इसी दौरान मनासी पवार ने भी रेड कार्पेट पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। वेनिस में उनकी उपस्थिति के चलते उनकी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अपीयरेंस चर्चा में है। इससे पहले वह कान्स फिल्म फेस्टिवल में भी शामिल हुई थीं और इस दौरान भी उनके लुक की काफी चर्चा रही।

हॉलीवुड मसाला




## स्वेटपैंट्स में दिखाएंगे अपने जौहर

मुंबई। एक्टर मयूर वर्मा इन दिनों अपने हॉलीवुड डेब्यू को लेकर चर्चा में हैं। एक्टर जल्दी ही 'स्वेटपैंट्स' के जरिए हॉलीवुड में कदम रखने जा रहे हैं, जिसे लेकर खुद मयूर और उनके फैंस काफी उत्साहित हैं। अली फजल, आलिया भट्ट, दीपिका पादुकोण, तब्बू से लेकर अनिल कपूर सहित कई बॉलीवुड स्टार भारतीय फिल्मों के साथ-साथ इंटरनेशनल फिल्मों में भी अपने अभिनय का जलवा दिखा चुके हैं और जल्दी ही कई अन्य बॉलीवुड स्टार हॉलीवुड सिनेमा की दुनिया में बहुप्रतीक्षित और रोमांचक प्रोजेक्ट्स के जरिए अपनी छाप छोड़ते हुए नजर आएंगे।




## ग्लोबल पॉप स्टार गागा के घर गूंजी किलकारी

लॉस एंजिल्स। लेडी गागा के घर किलकारी गूंजी है। 'पेज सिक्स' की रिपोर्ट के मुताबिक, ग्लोबल पॉप स्टार ने मंगेतर, बिजनेसमैन माइकल पोलान्स्की के साथ पहले बच्चे का स्वागत किया है। हालांकि, कपल ने अभी तक बच्चे के नाम और जन्म की तारीख आदि जानकारी को लेकर खुलासा नहीं किया है। लेडी गागा और पोलान्स्की को हाल ही में उत्तरी कैलिफोर्निया में अपने परिवार के साथ देखा गया था। बच्चे के साथ कपल की यह पहली सार्वजनिक झलक थी। ग्रैमी अवॉर्ड जीतने वाली सिंगर के लिए यह समय काफी प्राइवेट रहा है, जिसके बाद वे अब सबके सामने आई हैं। 40 वर्षीय लेडी गागा और उनके 42 वर्षीय मंगेतर पोलान्स्की पिछले कुछ महीनों से लाइमलाइट से दूर रहे हैं। 'पेज सिक्स' की रिपोर्ट के मुताबिक, कपल के प्रतिनिधियों ने इस बारे में कोई टिप्पणी नहीं की।



## हर किरदार को देनी चाहिए अहमियत

मुंबई। सोनाली कुलकर्णी ने आमिर खान के फिल्म 'दंगल' में पिता का किरदार निभाने पर जमकर तारीफ की। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने यह भी कहा कि फिल्मी दुनिया में हर किरदार को अहमियत देनी चाहिए। सोनाली कुलकर्णी ने अपने इंटरव्यू में मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान पर कहा, 'आमिर खान किरदारों के साथ बेहतरीन प्रयोग करते हैं। मुझे नहीं लगता कि 'दंगल' में जो उन्होंने किया है वो कोई और कर सकता है। आमिर खान के पोस्टर्स लगते हैं। लड़कियां बेकरार हैं उनसे शादी करना चाहती हैं। उन्होंने बिना किसी मेकअप के चार बेटियों के पिता का किरदार निभाया है। वह बहुत मेहनत कर रहे हैं और हर दिन अपनी कला को निखार रहे हैं। अभिनेत्री सोनाली कुलकर्णी हिंदी सिनेमा के साथ-साथ मराठी फिल्मों की भी पॉपुलर एक्ट्रेस हैं।



## बड़े लेवल पर कृष्णावतारम का अगला पार्ट

मुंबई। 'कृष्णावतारम पार्ट 1: द हार्ट (हृदयम)' का निर्देशन हार्दिक गज्जर ने किया है। फिल्म में सिद्धार्थ गुप्ता ने कृष्ण का किरदार निभाया है। वहीं, सुष्मिता भट्ट राधा, निवाशिनी कृष्णन रुक्मिणी और संस्कृति जयंना सत्यभामा के रोल में नजर आई हैं। फिल्म 7 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब इसके अगले पार्ट को लेकर प्रोड्यूसर ने बड़ा अपडेट शेयर किया है। फिल्म की निर्माता शोभा संत ने बताया है कि फ्रेंचाइजी के दूसरे और तीसरे पार्ट की स्क्रिप्ट पर एक साथ काम चल रहा है। फिल्म का अगला पार्ट बड़े लेवल पर बनाया जाएगा और इसमें काफी वीएफएक्स का इस्तेमाल होगा। इसी वजह से पार्ट 2 को सिनेमाघरों तक पहुंचने में समय लगेगा। फिलहाल इसे 2028 में रिलीज करने की योजना है। मेकर्स अब पहली फिल्म को एक बार फिर दर्शकों के बीच लाने की तैयारी कर रहे हैं।

टीवी मसाला



## रोहित के बयान पर विवाद, टीवी को कूड़ेदान बोलने पर भड़की देवोलीना

नई दिल्ली। अभिनेता रोहित रॉय ने टीवी को 'कूड़ेदान जैसा माध्यम' कहकर चर्चा छेड़ दी है। रोहित ने कहा कि फिल्म स्टार्स में एक खास तरह का स्टाइल और क्लास होता है जो अक्सर टेलीविजन कलाकारों में नहीं दिखता। इस पर अभिनेत्री देवोलीना भट्टाचार्जी ने रोहित रॉय की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि ज्यादातर लोग उन्हें सिर्फ रोनित रॉय के भाई के तौर पर जानते हैं। रोहित रॉय की बातों पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए अभिनेत्री ने कहा कि रोहित उसी माध्यम का अपमान कर रहे थे, जिसने उन्हें काम और पहचान दी। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि अगर वह टेलीविजन के बारे में इतना बुरा सोचते थे, तो इतने वर्षों तक इसका हिस्सा क्यों बने रहे। देवोलीना ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, 'लोगों की एक अजीब आदत होती है कि वे उसी हाथ को काटते हैं जो उन्हें खिलाता है। उसी थाली में छेद करते हैं जिसमें वह खाते हैं। उनकी बातें बिल्कुल वैसी ही लग रही हैं। फिल्मों की तो बात छोड़िए, सच कहूं तो मुझे यह भी याद नहीं कि वह किस टीवी सीरीज में थे। सच कहूं तो, ज्यादातर लोग उन्हें सिर्फ रोनित रॉय के भाई के तौर पर जानते हैं। अगर टीवी इतना ही बुरा था, तो उन्होंने इतने वर्षों तक इसका हिस्सा बने रहने का फैसला क्यों किया? अब वह उसी माध्यम को 'डस्टबिन' कह रहे हैं।' देवोलीना ने यह भी कहा कि रोहित की बातों को उन बॉलीवुड एक्टर्स पर तंज के तौर पर देखा जा सकता है जो अक्सर टेलीविजन पर आते हैं। उन्होंने कहा, 'आज हर बड़ा बॉलीवुड स्टार अपनी फिल्मों को प्रमोट करने, रियलिटी शो होस्ट करने और दर्शकों से जुड़े रहने के लिए टेलीविजन पर आता है।

### आम्रपाली और माही ने उतारी कनिका की नकल


नई दिल्ली। चर्चित शो 'बिग बॉस' के 20वें सीजन ने अच्छी रफ्तार पकड़ ली है। 06 सितंबर को शुरू हुए इस शो का बीते दिन पहला वीकएंड का वार एपिसोड आया। इसमें सलमान खान घर वालों से रूबरू हुए। पहला हफ्ता कैसा रहा, सभी से पूछा। कुछ गेम खेले और टास्क हुए। इस बीच खूब हंसी-मजाक का माहौल भी देखा गया। रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' में प्रतिभागियों ने एक-दूसरे के साथ बॉन्डिंग पर बात की।



इसी बीच सलमान खान के सामने आम्रपाली दुबे और माही विज ने कनिका की नकल उतारी। दरअसल, यह टास्क सलमान खान ने उन्हें दिया था। सलमान खान ने कहा, 'आम्रपाली और माही, कनिका बनकर एक-दूसरे से बात कीजिए'। इस पर माही और आम्रपाली ने जिस अंदाज में मिमिक्री की, वह देखकर सलमान खान भी जोर से हंसे।

## पदयात्रा का ट्रेलर रिलीज ममूटी बने डॉक्टर


मुंबई। मलयालम सुपरस्टार ममूटी ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'पदयात्रा' का ट्रेलर रिलीज किया है। इस फिल्म के लिए एक्टर 32 साल के लंबे अंतराल के बाद मशहूर फिल्ममेकर अडूर गोपालकृष्णन के साथ फिर से काम करने जा रहे हैं। 'पदयात्रा' का ट्रेलर भी चर्चा में बना हुआ है, जो 1 मिनट 14 सेकंड का है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि पद्म भूषण से सम्मानित ममूटी फिल्म में एक डॉक्टर का किरदार निभा रहे हैं। गोपालकृष्णन की 13 फिल्मों में से 4 में ममूटी काम कर चुके हैं और अब दोनों 5वीं फिल्म में साथ नजर आएंगे। ट्रेलर की शुरुआत ममूटी के किरदार के सुबह उठने और स्ट्रेचिंग करने के बाद घर से निकलने से होती है, जब काम की जगह पर कोई उन्हें याद दिलाता है कि समय बदल रहा है और इसके लिए कुछ समझौते करने पड़ते हैं तो ममूटी मुस्कुराते हुए जवाब देते हैं, 'समय नहीं बदलता, हम बदलते हैं।' इसके बाद हम एक गांव के लोगों को यह अंदाजा लगाते हुए देखते हैं कि ममूटी के डॉक्टर वाले किरदार के पास इतना पैसा कैसे है। इस बीच डॉक्टर अपना काम करते रहते हैं और एक



महिला मरीज को सलाह देते हैं कि वह बदलाव को अपने इलाज के तौर पर अपनाए। वे कहते हैं, 'जब तुम्हें भागने का मौका मिले तो पीछे मुड़कर मत देखना।' माओवादी हमले के शक के कारण कई घटनाएं होती हैं, जिनमें पुलिस का डॉक्टर से भी पूछताछ करना शामिल है। एक पुलिसकर्मी कहता है, 'जब कोई शिकायत आती है तो हम जांच करने के लिए बाध्य होते हैं' और इसी दौरान पुलिस ममूटी के चेहरे पर टॉर्च की रोशनी डालती है। ट्रेलर के आखिर में इशारा मिलता है कि उन पर लगे आरोप देशद्रोह तक पहुंच जाते हैं। ममूटी और अडूर गोपालकृष्णन ने पहली बार 1987 में साइकोलॉजिकल ड्रामा 'अनंतराम' के लिए साथ काम किया था।

## ऋषभ, ऐश्वर्या और तेजा का 'सीमा 2026' में रहा दबदबा, इन सितारों ने जीते पुरस्कार

*बेंगलुरु। साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवाड्‌र्स के पहले दिन तेलुगु और कन्नड़ सिनेमा के सितारों को सम्मानित किया गया, जिसमें तेजा सज्जा, ऐश्वर्या राजेश और ऋषभ शेट्टी जैसे कलाकार विजेता रहे। साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवाड्‌र्स के 14वें एडिशन में तेलुगु और कन्नड़ सिनेमा के कई सितारे शामिल हुए। बेंगलुरु आयोजित इस समारोह में विजेताओं के नामों की घोषणा की गई, उनमें तेजा सज्जा, ऐश्वर्या राजेश और ऋषभ शेट्टी शामिल थे। सीमा 2026 का आयोजन 12 और 13 सितंबर को कोरमंगला इंडोर स्टेडियम में किया गया। इन पुरस्कारों को भाषा के आधार पर दो दिनों में बांटा गया है। 12 सितंबर को तेलुगु और कन्नड़ फिल्मों को सम्मानित किया गया, जबकि 13 सितंबर को तमिल और मलयालम सिनेमा को सम्मानित किया। इसके पहले साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवॉड्‌र्स 2025 दुबई में हुआ था, जिसमें अल्लू अर्जुन को बेस्ट एक्टर और रश्मिका मंदाना सर्वश्रेष्ठ एक्ट्रेस का पुरस्कार मिला।*



### तेलुगु विजेता

तेजा सज्जा ने 'मिराई' में अपनी बेहतरीन एक्टिंग के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड जीता। पहले दिन तेलुगु सिनेमा के लिए मिले खास सम्मानों में एक्टर की यह जीत भी शामिल थी।

ऐश्वर्या राजेश के लिए भी यह शाम शानदार रही। उन्हें 'संक्रांति की वस्तुनाम' के लिए 'बेस्ट एक्ट्रेस' और 'बेस्ट एक्ट्रेस (क्रिटिक्स)' दोनों अवॉर्ड मिले।

साक्षी म्हाडोलकर को 'मोगली' के लिए दो कैटेगरी में सम्मानित किया गया। उन्होंने 'बेस्ट डेब्यू एक्ट्रेस' और 'बेस्ट डेब्यू डायरेक्टर' का अवॉर्ड जीता, जिससे वह तेलुगु विजेताओं में एक खास नाम बन गईं।

म्यूजिक कैटेगरी में भी 'संक्रांति की वस्तुनाम' और 'कोर्ट: स्टेट वर्सेस ए नोबडी' को सम्मान मिला। रमना गोगुला ने 'संक्रांति की वस्तुनाम' के गाने 'गोदारी गट्टू' के लिए 'बेस्ट प्लेबैक सिंगर (मेल)' का अवॉर्ड जीता, जबकि समीरा भारद्वाज को 'कोर्ट: स्टेट वर्सेस ए नोबडी' के गाने 'प्रेमालो' के लिए 'बेस्ट प्लेबैक सिंगर (फीमेल)' चुना गया।

### कन्नड़ विजेता

पहले दिन कन्नड़ सिनेमा के भी कई विजेताओं को सम्मन मिला। ऋषभ शेट्टी ने 'कांतारा: चैप्टर 1' के लिए 'बेस्ट एक्टर' का अवॉर्ड जीता, जिससे फिल्म में उनकी परफॉर्मेंस के लिए उन्हें एक और बड़ी पहचान मिली।

'गाथा वैभव' के लिए SS दुष्यंत को 'बेस्ट डेब्यू एक्टर' चुना गया। वहीं 'सू फ्रॉम सू' के लिए जे. पी. थुमिनाड ने 'बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर' और 'बेस्ट डेब्यू डायरेक्टर' का अवॉर्ड जीता।

पहले दिन के नतीजों में जाने-माने स्टार्स और नए कलाकारों, दोनों के काम को सराहा गया। अवॉड्‌र्स में एक्टिंग टैलेंट और कैमरे के पीछे के काम दोनों को मान्यता दी गई।

### 'देवा श्री गणेशा' से लेकर 'सुनो गणपति बप्पा' तक

## गणेश चतुर्थी में रंग भरते हैं बॉलीवुड के ये गाने

*नई दिल्ली। गणेश चतुर्थी का त्योहार भक्ति, संगीत और जोश से भरा होता है। इसमें उत्साह, हर्ष और उल्लास के रंग भरने में बॉलीवुड ने भी अपना योगदान दिया है। बॉलीवुड ने कई गानों के जरिए गणपति बप्पा के प्रति भक्ति और समपर्ण की भावना को अपने अलग अंदाज में पेश किया है। ये गाने सिर्फ फिल्मों तक ही सीमित नहीं रहे। हर गणेश चतुर्थी पंडालों, गलियों और घरों में भी गूंजते हैं। गानों में जहां एक तरफ बप्पा के स्वागत की खुशी साफ झलकती है, वहीं दूसरी तरफ आखिरी दिन उनको विदा करने का दुख और अगले बरस जल्दी आने का वादा भी है।*

### मौर्या रे: डॉन

जावेद अख्तर की कलम से निकला और शंकर महादेवन की आवाज में गाया गया गाना 'मौर्या रे' गणेश चतुर्थी के त्योहार में एक नया रंग लाता है। यह गाना गणपति विसर्जन जुलूसों में भक्तों को झूमने पर मजबूर करता है। साथ ही गणपति विसर्जन को भी खास बना देता है।

### देवा श्री गणेशा: अग्निपथ

बॉलीवुड फिल्म 'अग्निपथ' का गाना 'देवा श्री गणेशा' गणेश चतुर्थी पर सबसे ज्यादा सुने जाने वाले गानों में से एक है। अमिताभ भट्टाचार्य की कलम से निकले इस गाने को अजय गोगावले ने आवाज दी है। भक्ति में डूबा यह गाना जोशीला और आस्था से भरा है। इसे त्योहार पर खूब बजाया जाता है।

### सुनो गणपति बप्पा मोरया : जुड़वा 2

वरुण धवन की अदाकारी वाली फिल्म 'जुड़वा 2' का गाना 'सुनो गणपति बप्पा मोरया' गणेश चतुर्थी के त्योहार पर लोगों में नया जोश भर देता है। दानिश साबरी की कलम से निकले इस गाने को अमित मिश्रा ने आवाज दी है। वरुण धवन ने अपनी डांस और अदाकारी से इस गाने को और खास बना दिया है।




### साड्डा दिल भी तू: एबीसीडी

गणेश चतुर्थी के त्योहार पर बजने वाले सबसे बेहतरीन गानों में 'साड्डा दिल भी तू' शामिल है। फिल्म 'एबीसीडी' के इस गाने को मयूर पुरी ने लिखा है, जबकि हार्ड कौर ने इसे आवाज दी है। भक्ति में डूबा यह गाना गणपति विसर्जन पर भक्तों मे जोश भर देता है।

### गजानना: बाजीराव मस्तानी

फिल्म 'बाजीराव मस्तानी' में गाना 'गजानना' खास मोड़ पर आता है। गणेश चतुर्थी के त्योहार पर यह गाना खूब बजता है। इस गाने को सुखविंदर सिंह की आवाज ने और शानदार बना दिया है। इसके बोल प्रशांत इंगोले ने लिखे हैं।

***गणपति अपने गांव चले- अग्निपथ (1990)***: यह पुराना गीत बप्पा को विदा करते समय भावुक कर देता है। इसका जादू आज भी भक्तों को भावुक कर देता है।

***गणपति बप्पा मोरया*** : शंकर महादेवन (2022): 2022 में रिलीज हुआ यह भक्ति गीत कम समय में ही त्योहार की प्लेलिस्ट का हिस्सा बन गया। शास्त्रीय सुर और दिल को छू लेने वाली आवाज इसे खास बनाते हैं।

***गन्न देव*** : स्ट्रीट डांसर 3डी (2020): प्रभुदेवा और वरुण धवन वाला यह तेज-तर्रार गाना त्योहार को और मजेदार बना देता है।

**गणपति बप्पा अगले बरस तुम जल्दी** : आंसू बने अंगारे - लता मंगेशकर की आवाज में गाया गया गाना 'गणपति बप्पा अगले बरस तुम जल्दी' बहुत मशहूर है। इसके बोल इंदीवर, देव कोहली और पयाम सईदी ने लिखे हैं। गणेश चतुर्थी के मौके पर यह गाना भक्तों की भावना से जुड़ जाता है। इसका संगीत राजेश रोशन ने तैयार किया है।